हरिभूमि
बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 30 मार्च 2026
बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया



## खबर संक्षेप

### सीएम साय का सर्व पंजाबी महिला संस्था ने किया सम्मान



**बिलासपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के रविवार को शहर आगमन पर सर्व पंजाबी महिला संस्था के पदाधिकारियों ने मुलाकात कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक अमर अग्रवाल की मौजूदगी में संस्था द्वारा मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। संस्था के छत्तीसगढ़ प्रांत के अध्यक्ष रंजीत कौर दुआ के नेतृत्व में मुलाकात में पंजाबी समाज की महिलाओं तथा समाज के उत्थान तथा संस्था के द्वारा किए जाने वाले कार्यों को लेकर चर्चा की गई। श्री साय द्वारा संस्था द्वारा किए जा रहे महिलाओं के उत्थान के लिए कार्यों की सराहना की गई। श्री दुआ ने कहा है कि प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सभी समाज की महिलाओं तथा सामाजिक संगठन, पंजाबी समाज की महिलाओं के उत्थान तथा पंजाबी समाज के द्वारा किए गए कार्यों की मुख्यमंत्री ने सराहना भी की। तथा पंजाबी समाज की महिलाओं द्वारा किए जा रहे सामाजिक सद्भाव तथा धार्मिक कार्यों तथा विकास कार्यों को लेकर मुख्यमंत्री ने चर्चा की है। मुख्यमंत्री से आज सर्किट हाउस में भेंट मुलाकात के दौरान संस्था की संस्थापिका शशि आहूजा, महेंद्र कौर सलूजा, अपूर्वा दुआ, भाजपा प्रदेश कार्य समिति के विशेष आमंत्रित सदस्य अमरजीत सिंह दुआ, श्री गुरु सिंह सभा दयालबंद के आगामी प्रेसिडेंट परमजीत सिंह सलूजा, विधायक सुशांत शुक्ला, महापौर पूजा विधानी ,पूर्व सांसद लखनलाल साहू आदि आदि मौजूद थे।

### प्रेस क्लब सदस्य के पुत्र के इलाज के लिए सीएम से मांगी सहयोग राशि



**बिलासपुर।** प्रेस क्लब के सदस्य सरफराज मेमन के सुपुत्र मो. अल्फाज बीती रात सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इस हादसे में इनके पुत्र को सिर में गंभीर चोट आई जिनका इलाज अपोलो अस्पताल में चल रहा है। बिलासपुर प्रेस क्लब अध्यक्ष अजीत मिश्रा के नेतृत्व में आज सर्किट हाउस में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात कर उनके इलाज के लिए आर्थिक सहयोग के लिए मुलाकात कर ज्ञापन दिया गया। मुख्यमंत्री ने भी पत्रकार परिवार हित में हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। इस मौके पर पूर्व प्रेस क्लब अध्यक्ष तिलकराज सलूजा, सहसचिव हरिकिशन गंगवानी, दिलीप अग्रवाल, शादाब खान और अमन सिंह मौजूद रहे ।

### मोदी के मन की बात कार्यकर्ता नागरिकों के साथ सुनी गई



**बिलासपुर।** भारतीय जनता पार्टी नेता नगर विधायक अमर अग्रवाल के मार्गदर्शन पर शनिवार को मोदी के मन की बात का 132 वां एपिसोड बूथ क्रमांक 43 शक्ति केंद्र गंगानगर विकास नगर में जिला उपाध्यक्ष अजीत सिंह भोगल के कार्यालय में कार्यकर्ता एवं नागरिकों के साथ सुना गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक हालात पर चिंता पीएम ने कहा कि मार्च महीना अशांत रहा और कॉविड के बाद विकास की उम्मीद के बीच युद्ध जैसी स्थितियां चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि इस तरह के मुद्दों पर राजनीति नहीं होनी चाहिए और देशवासियों से अफवाहों से बचने की अपील की है। एकता बनाए रखने और खाड़ी देशों में रह रहे एक करोड़ से अधिक भारतीयों की सुरक्षा व सहायता के लिए खाड़ी देशों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिले के उपाध्यक्ष अजीत सिंह भोगल, जिला संयोजक संस्कृति प्रकोष्ठ अमित चतुर्वेदी, बूथ के मृणाल राय, जिला विशेष आमंत्रित सदस्य शरद बाजपेई, अमर देव भगत, राजन पांडे, विजय पटेल, राहुल खंडे, रितेश यादव, बबलू सिंह, सुरेश गुप्ता, राजेश सोनी आदि मौजूद थे।

### दिल्ली में शहर के युवक की रोबोट सर्जरी, संस्थाओं ने की मदद



**बिलासपुर।** केंद्रीय मंत्री तोखन साहू एवं गुलदस्ता फाउंडेशन व लायंस क्लब स्माइल की अध्यक्ष रीता राजगीर के प्रयास से विवेकानंद नगर मोपका निवासी रोहित तिवारी 32 वर्ष के स्पाइन की दिल्ली के एक अस्पताल में सफल रोबोट सर्जरी हुई है। उनके इस इलाज में दीप्ति साहू, डॉ आरती सिंह का भी सहयोग रहा। श्रीमती राजगिर ने बताया कि रोहित वर्ष 22 में एक दुर्घटना के शिकार हो गए थे। जिससे उसे स्पाइन की समस्या होने लगी थी और वे चल-फिर नहीं पा रहे थे। इससे राहत पाने उन्होंने बिलासपुर सहित रायपुर, बेलूर, बेंगलुरु आदि जगहों में दिखाया पर उसे लाभ नहीं हुआ। दिल्ली के आईबीएस हॉस्पिटल में दिखाने पर स्पाइन का रोबोटिक सर्जरी जिसमें 25 लाख खर्च आएगा, करने पर लाभ होने की बात कही गई। श्री तिवारी इतनी बड़ी राशि खर्च करने की स्थिति में नहीं थे। उन्होंने गुलदस्ता फाउंडेशन और लायंस क्लब स्माइल की अध्यक्ष श्रीमती राजगिर से संपर्क कर सहयोग मांगा तो श्रीमती राजगिर ने काफी प्रयास कर केंद्रीय मंत्री तोखन साहू से मिल कर उन्हें स्थिति से अवगत कराया तो मंत्रीजी ने राशि उपलब्ध कराई। इस राशि से पीड़ित श्री तिवारी ने नवरात्रि के अष्टमी के दिन दिल्ली के आईबीएस हॉस्पिटल में सर्जरी कराई है। डाक्टरों ने बताया है कि अभी एक और सर्जरी करनी होगी।

**बिलासपुर से बलौदा तक का सफर मुसीबत का दूसरा नाम** | वर्षों से मरम्मत नहीं होने के कारण सड़क पूरी तरह हो चुकी हैं जर्जर

# 60 गांवों को मुख्यालय से जोड़ने वाली 38 किमी की सड़क बनी जानलेवा

**बिलासपुर।** बिलासपुर को कोरबा, जांजगीर और रायगढ़ से जोड़ने वाली सीपत-बलौदा सड़क अब यात्रियों के लिए मुसीबत का दूसरा नाम बन चुकी है।

बलौदा तक 38 किमी की दूरी को तय करने में दो घंटे का समय लग जा रहा है। खासतौर पर सीपत से लीलागर नदी तक कि 14 किलोमीटर लंबी यह सड़क गड्ढों से ऐसी पटी पड़ी है कि राहगीरों के लिए हर सफर एक चुनौती बन गया है। भारी वाहनों की आवाजाही और वर्षों से मरम्मत नहीं होने के कारण सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। खांडा के कोलवाशरी मोड़ और धनिया के भौराडीह चौक जैसे कई और स्थान तो जानलेवा बन चुके हैं। यहां के निवासी हों या व्यापारी या सड़क से गुजरने वाले, सभी लोग परेशान हैं।

हरिभूमि ने इस सड़क से गुजरकर जायजा लिया और लोगों की परेशानी जानी। गौरतलब है कि इस सड़क का निर्माण 12 वर्ष पहले 2014 में लगभग 17.60 करोड़ रुपए की लागत से हुआ था, लेकिन उसके बाद से कभी भी अच्छे से इसकी मरम्मत नहीं की गई। आज स्थिति यह है कि इस पर भारी वाहनों के अत्यधिक दबाव के चलते सड़क पूरी तरह जर्जर हो गई है। जहां बड़े वाहन जैसे ट्रेलर-ट्रक किसी तरह से गुजर रहे हैं, वहीं बाइक व छोटी गाडियों का चलना किसी जोखिम से कम नहीं है।

### गहरे और बड़े गड्ढे सबसे खतरनाक साबित हो रहे

सीपत के आगे खांडा के पास कोलवाशरी मोड़ व धनिया के भौराडीह चौक और कुली लीलागर नदी के बीच पर बने गहरे और बड़े गड्ढे सबसे खतरनाक साबित हो रहे हैं। इन जगहों पर छोटे वाहन चालकों को सड़क पार करने के लिए गड्ढों को उतरकर रास्ते को जांचना पड़ रहा है। धनिया के लोगों ने बताया कि बारिश में गड्ढों में पानी भर जाता है, जिससे राहगीरों को खतरे का अंदाजा नहीं होता और कई बार बाइक सवार दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं।

### डर लगता है, कभी भी पलट सकती है गाड़ी

बलौदा से बिलासपुर आकर व्यापारी करने वाले सब्जी व्यवसायी हरिशंकर लहरे ने बताया कि वह हर दूसरे दिन मेटाडोर से सब्जी लेने बिलासपुर मंडी जाते हैं, लेकिन सड़क की हालत इतनी खराब है कि गाड़ी निकालना बेहद मुश्किल हो जाता है। उन्होंने कहा, हर बार डर रहता है कि कहीं गाड़ी पलट न जाए। अपने आंखों के सामने कई हादसे देखे हैं। अब अधिकारियों से सड़क सुधारने की मांग कर रहे हैं। इसी रास्ते में सीपत से लगभग 10 किमी दूर ग्राम लूतरा में स्थित सूफी संत हुजूर बाबा सैयद इंसान अली शाह की प्रसिद्ध दरगाह है जो प्रदेशभर के श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। यहां रोजाना सैकड़ों की संख्या में दर्शन के लिए आते हैं, लेकिन उन्हें भी इन जर्जर सड़कों से होकर ही गुजरना पड़ता है। इनमे से कई लोग भी हादसों का शिकार हो रहे है।

### सड़क बनाने 22 करोड़ का टेंडर, काम भी शुरू नहीं

बिलासपुर लोक निर्माण विभाग के मुताबिक सीपत से लीलागर नदी तक 14 किलोमीटर नई सड़क बनाने के 2024-25 के बजट में सम्मिलित के लिए 22 करोड़ रुपए का प्रस्ताव शासन को भेजा गया था। इसे स्वीकृति मिलने के साथ ही टेंडर कर दिया गया है जल्द ही काम शुरू होगा। फिलहाल लेकिन इस मार्ग में जहां-जहां सड़क सबसे ज्यादा खराब है, उसे अस्थाई रूप से चलने लायक बनाया जाएगा। फिलहाल हाल यह है कि रात में सड़क के आसपास विचरण करते व बैठे मवेशी तेज रफ्तार वाहनों के दुर्घटना के शिकार हो जाते जाते हैं। बीते दिन ही लुतरा के पास दस मवेशियों की मौत हो गई थी। धनिया निवासी मदनलाल पाटनवार ने बताया कि जर्जर सड़क के कारण राहगीरों में खौफ बना रहता है।

### रोजी रोटी के साथ स्वास्थ्य की चिंता सबसे अधिक

इसी तरह ग्राम परसाही निवासी ओमगिरी गोस्वामी ने बताया कि सीपत-खम्हरिया बलौदा मार्ग में कई जगह गड्ढा होने से और बरसात के मौसम में पानी भरने से लोगों को सड़क दिखाई नहीं देता है। इससे बड़ी दुर्घटनाएं होती है। इसी कारण ग्रामीणों में आक्रोश है। क्षेत्र में दुकान चलाने वाले लोगों ने बताया कि उन्हें अपनी रोजी रोटी की चिंता तो दूर दिन भर भारी भरकम चल रहे ट्रेलरों से उड़ रहे धूल के गुब्बार व पत्थर गिट्टी छिटकने के कारण स्वास्थ्य की चिंता बनी हुई है। व्यापारियों को धूल के कारण घर गृहस्थी के कामकाज भी प्रभावित हो रहे हैं। धूल उड़ने के कारण लोगों को दिन भर घर बंद कर रहना पड़ता है। वहीं अस्थमा के मरीज भी बढ़ रहे हैं।

कलेक्टर ने अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की

# पेट्रोल-डीजल को लेकर उड़ी अफवाह कलेक्टर बोले भरपूर स्टॉक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



एलपीजी गैस के बाद अब पेट्रोल एवं डीजल की कमी होने को लेकर अफवाहों का बाजार गर्म हो चला है। हालत यह है कि जिला प्रशासन को इस संबंध में जानकारी देनी पड़ी कि आम नागरिकों को चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। जिले में पेट्रोल और डीजल का भरपूर स्टॉक है। कलेक्टर ने आम नागरिकों से अफवाहों पर ध्यान न देने और आवश्यकतानुसार ही ईंधन की खरीदी करने की अपील की है।

शहर में पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल और डीजल लेने के लिए शहरवासियों की लंबी लाईन ने प्रशासन को एक बार फिर अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील करने पर मजबूर कर दिया। वाहन चालकों द्वारा जरूरत नहीं होने के बाद भी केवल इस अफवाह पर कि पेट्रोल और डीजल की कमी हो चली है, जिससे अपनी सुविधा के लिए वाहनों में अधिकाधिक ईंधर भरवा लिया जाए। पेट्रोल पंपों में लंबी लाईन लगाई जा रही है। इस संबंध में जिला प्रशासन द्वारा आम नागरिकों को जानकारी दी गई है कि जिले की 38 गैस एजेंसियों में घरेलू एलपीजी के 9489 सिलेंडर तथा व्यावसायिक (19.2 किलोग्राम) के 247 सिलेंडर उपलब्ध हैं, जो वर्तमान आवश्यकता के अनुरूप पर्याप्त हैं। इसी प्रकार जिले के 171 पेट्रोल पंपों में भी पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। वर्तमान में पेट्रोल की 1209 किलोलीटर तथा डीजल की 1429 किलोलीटर की उपलब्धता दर्ज की गई है, जिससे आम उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी।

कलेक्टर ने नागरिकों से संयम बनाए रखने और अनावश्यक भंडारण से बचने की अपील करते हुए कहा कि प्रशासन लगातार स्थिति की निगरानी कर रहा है और आवश्यक वस्तुओं की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।

### पंप ड्राई होने का यह मतलब नहीं की कमी है

इस संबंध में जिला प्रशासन का कहना है कि आम दिनों की तरह हो सकता है कि कभी कोई पेट्रोल पंप कुछ घंटों के लिए ड्राई हो जाए, लेकिन इसका यह बिल्कुल भी मतलब नहीं है कि पेट्रोल या डीजल की कमी हो गई है। कई बार ऐसा होता है कि रायपुर स्थित डिपो से ईंधन पहुंचने में कुछ विलंब हो जाता है, लेकिन कुछ ही देर के बाद सप्लाई सामान्य भी हो जाती है। शहरवासियों को इस स्थिति को समझते हुए कार्य करना चाहिए एवं अपनी हमेशा की आवश्यकता को ध्यान में रखकर ही पेट्रोल और डीजल भरवाना चाहिए।

### स्टाक की कमी नहीं है

पेट्रोल, डीजल एपं एलपीजी सिलेंडरों की कोई कमी नहीं है। स्टॉक पर्याप्त है, जिससे शहरवासियों को चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। अफवाहों पर ध्यान दिए बगैर उतने ईंधन की ही खरीदी की जाए, जितने की आवश्यकता है।

**-संजय अग्रवाल**
कलेक्टर बिलासपुर

## पर्यटन विकास समिति का अर्थ आवर डे पर संगोष्ठी



**बिलासपुर।** पर्यावरण एवं पर्यटन विकास समिति द्वारा अर्थ आवर दिवस पर विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में सभी लाइट बंद कर पंच दीप प्रज्जवलित कर दीप की रोशनी में संगोष्ठी का शुभारम्भ हुआ। यह आयोजन डॉ विनय कुमार पाठक पूर्व अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के मुख्य आतिथ्य, डॉ राघवेन्द्र कुमार दुबे की अध्यक्षता एवं साहित्यकार विष्णु कुमार तिवारी एवं सनत तिवारी के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ पाठक ने कहा कि आज के आधुनिक युग में विज्ञान और तकनीक ने हमारे जीवन को सुविधाजनक बना दिया है, लेकिन इसके साथ ही पर्यावरण संकट भी तेजी से बढ़ा है। बढ़ता प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग, जंगलों की कटाई और ऊर्जा का अत्यधिक उपयोग पृथ्वी के अस्तित्व के लिए गंभीर चुनौती बन है। ऐसे समय में "अर्थ आवर डे" हमें प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी का स्मरण कराता है।

डॉ विवेक तिवारी ने कहा कि 'अर्थ आवर दिवस ' को रात 8:30 से 9:30 बजे तक लाइटें बंद करना महज़ एक सांकेतिक क्रिया नहीं है, बल्कि यह इस बात का प्रमाण है कि यदि हम सब एक सूत्र में बंध जाएँ, तो हम इस धरा की सेहत सुधार सकते हैं। डॉ राघवेंद्र दुबे, विष्णु कुमार तिवारी एवं सनत तिवारी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का सफल संचालन शीतल प्रसाद पाटनवार ने किया।

### दो एकड़ भूमि गौ सेवा धाम के लिए समर्पित

**बिलासपुर।** रामनवमीं पर शहर के उद्योगपति व समाजसेवी रामावतार अग्रवाल ने 2 एकड़ भूमि बिलासपुर गौ सेवा धाम को सौंपी। यह भूमि शहर के मध्य बिलासा चौक शनिचरी रपटा के समीप है। बिना किसी औपचारिक आयोजन के सादगीपूर्वक गौ सेवकों के साथ पूजा-अर्चना कर इस भूमि को सेवा कार्य हेतु समर्पित किया। गौ सेवकों ने बताया कि गौ सेवा धाम समिति लंबे समय से भूमि की कमी से जूझ रही थी। श्री अग्रवाल केवल गौ सेवा तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि वे वर्षों से पंडित देवकीनंदन दीक्षित मुक्तिधाम सरकंडा का संचालन एवं संधारण भी अपने निजी खर्च से निःशुल्क कर रहे हैं। इसके अलावा वे कई ऐसे सामाजिक कार्यों में सहयोग करते हैं। उनके इस कार्य की समाज के द्वारा सराहना की जा रही है।

## मसीही समाज ने निकाला पाम संडे का जुलूस

### तारबाहर से आराधना स्थल सीएमडी चौक तक निकाला गया जुलूस




**बिलासपुर।** शहर के मसीहियों ने खजूर का रविवार पाम संडे उत्साह के साथ मनाया। मार्ग पर प्रभु यीशु मसीह का स्वागत किया गया। मंदिर में यीशु का विजयी प्रवेश हुआ।

चर्च ऑफ ख्राईष्ट सीएमडी चौक निर्वाचित प्राचीन समिति में पास्टर सुदेश पॉल के नेतृत्व में पाम संडे का जुलूस तारबाहर मसीह टेंट हाउस से आराधना स्थल सीएमडी चौक तक निकाला गया। भारी संख्या में चर्च के लोगों ने भाग लिया हाथों में सभी ने खजूर की डालियां लेकर यीशु के जय जयकारं व मसीही गीत गाते हुए चर्च भवन में प्रवेश किया। जुलूस में आए सभी लोगों का मार्ग में पुष्पहार से स्वागत किया गया। फल, केक, फ्रूटी, शरबत, लस्सी, चॉकलेट बांटे गए। चर्च आराधना का संचालन प्रवीण जैसल ने किया। उपदेश सीनियर पास्टर सुदेश पॉल ने दिया। प्रार्थना की अगुवाई मंजू निशा, सुलक्षणा बहादुर, एंजलिना पॉल और प्रीति वालेश ने की। बाइबल का पठन सभी ने मिलकर किया। गीत क्वायर ग्रुप की शोभा वालेस, रेणुका अब्राहम, जेनिफर पॉल, प्रिया जैसल, विवेक मसीह, बोल्डी कुमार ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विल्सन जॉन मसीह, प्रवीण जैसल, शामुएल वालेस, सनीजॉन, अरविंद कुमार, राकेश पॉल, अजय सिंह, विवेक पॉल , आयुष बाग, कुणाल कुमार सहित अन्य सदस्यों का योगदान रहा।

## स्वर्णिमा एरा टाउनशिप में फैंसी ड्रेस स्पर्धा

**बिलासपुर।** यह तीसरा सप्ताह है जब स्वर्णिमा एरा टाउनशिप में "नेचर थीम" पर आधारित रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। पिछले सप्ताह नेचर थीम पर

**बिजनेस प्लस**

ओपन पेंटिंग सेशन आयोजित किया गया था, वहीं उससे पहले बच्चों द्वारा भव्य आरती का आयोजन किया गया था। इसे आगे बढ़ाते हुए इस सप्ताह फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रकृति के प्रति जागरूकता बढ़ाने और बच्चों में रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम रविवार 29 मार्च को स्वर्णिमा ज्योति धाम गार्डन, स्वर्णिमा एरा, बहतराई रोड में आयोजित हुआ। यह सभी कार्यक्रम "स्वर्णिमा कैंपेन – जिंदगी में कुछ अच्छा जोड़िए" के तहत किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में बच्चों और बड़ों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए प्रकृति के विभिन्न स्वरूपों को आकर्षक परिधानों के माध्यम से प्रस्तुत किया। किसी ने पर्वत का रूप धारण किया, तो कोई वृक्ष, नदी, फूल और हरियाली के प्रतीक बनकर मंच पर आया। प्रतिभागियों की प्रस्तुतियों ने न केवल दर्शकों का मन मोह लिया, बल्कि पर्यावरण संरक्षण का सशक्त संदेश भी दिया। इस अवसर पर दर्शकों और अभिभावकों ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन से बच्चों में न केवल रचनात्मकता का विकास होता है, विजेताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी का आभार व्यक्त किया।




22 राशन दुकानों में आबंटन ही नहीं, कार्डधारियों ने नहीं पाया शक्कर

# 19 राशन दुकानदारों ने नहीं किया एपीएल चावल का उठाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

महीना समाप्त होने में अब केवल एक दिन शेष है, जबकि जिले के 19 राशन दुकानदारों ने अब तक एपीएल कार्डधारियों के लिए चावल का उठाव नहीं किया है। इनमें सर्वाधिक 14 राशन दुकानें शहर की हैं। शेष दुकानें आसपास की हैं।

जिले की 19 राशन दुकानों को मार्च महीने में एपीएल के चावल का आबंटन प्रदान नहीं किया गया है। सवाल यह है कि राशन दुकानदारों ने खुद की इच्छा से अपना एपीएल के चावल का उठाव नहीं किया है या फिर नान से ही उन्हें आबंटन नहीं दिया गया है। जिले की जिन 22 दुकानों के द्वारा आबंटन नहीं लिया गया है, उनमें 14 दुकानें बिलासपुर शहर, 3 दुकानें बिल्हा एवं दो दुकानें जयरामनगर की शामिल हैं। एपीएल के चावल के आबंटन के संबंध में नान के द्वारा स्पष्ट किया गया है कि इस श्रेणी का चावल दुकानदारों को नगद पैसे देकर उठाना पड़ता है। ऐसे में दुकान में चावल उपलब्ध होने की स्थिति में वे नान से आबंटन नहीं लेते हैं।

### क्या अप्रैल में मिल सकेगी दो महीने की शक्कर?



जिले की 22 राशन दुकानों में शक्कर का आबंटन ही नहीं पहुंच पाने से राशन कार्डधारियों को शक्कर नहीं मिल सकी है। चूंकि सप्लाई ही नहीं हो सकी तो राशन दुकानदार कार्डधारियों को कैसे देते? अब सवाल यह है कि मार्च महीना समाप्त होने पर क्या अप्रैल महीने में उन कार्डधारियों को दो महीने की शक्कर दी जाएगी, जो मार्च में शक्कर नहीं प्राप्त कर सके थे। इस संबंध में नान के डीएम का कहना है कि यह शासन स्तर का मामला है। चूंकि शक्कर की सप्लाई ही काफी लेट से हुई है, जिससे पूरी संभावना है शक्कर नहीं ले पाने वालों को मार्च व अप्रैल की शक्कर एक साथ दे दी जाए।

### शक्कर ने भी खूब रूलाया

भोरमदेव शक्कर कारखाने में नए गन्ने से शक्कर तैयार होने में विलंब होने के कारण नागरिक आपूर्ति निगम को शक्कर की आपूर्ति नहीं हो सकी। ऐसी हालत में जिले की राशन दुकानों में नान के द्वारा शक्कर का आबंटन जारी नहीं किया जा सका था। 28 मार्च की स्थिति तक जिले की 22 राशन दुकानों तक शक्कर नहीं पहुंच पाई थी, जिसमें सर्वाधिक नौ दुकानें बिलासपुर शहर की थीं।

### नकद लेते हैं चावल

एपीएल का चावल राशन दुकानदारों के द्वारा नगद उठाया जाता है। हो सकता है उनके पास चावल अभी उपलब्ध होगा इसीलिए उन्होंने मार्च महीने में नान से चावल का आबंटन नहीं लिया है। एपीएल के चावल का उठाव पूरी तरह दुकानदार की आवश्यकता पर निर्भर करता है। आवश्यकता महसूस होने पर दुकानदार नगद पैसे जमा कर एपीएल के चावल का उठाव कर लेते हैं।

**-नितिन दीवान,** डीएम नागरिक आपूर्ति निगम

## क्षेत्रीय बाल कार्य प्रमुख ने बाल स्वयंसेवकों की जानी क्षमता



**बिलासपुर।** नगर बाल शाखा में क्षेत्रीय बाल कार्य प्रमुख छत्तीसगढ़ प्रांत का आगमन हुआ। जिसमें उन्होंने बाल स्वयंसेवकों की शारीरिक और बौद्धिक क्षमता का परीक्षण किया।

बच्चों को उनकी रुचि के अनुसार प्रोत्साहित किया। इसमें राष्ट्र स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष उत्सव पर बाल शाखाओं का विस्तार एवं कार्यों बाल स्वयं सेवक के बौद्धिक, शारीरिक क्षमताओं के साथ ही मोबाइल के बढ़ते हुए प्रभाव से कैसे बच्चों को खेल के माध्यम से उनके नई ऊर्जा का संचार हो। एक अच्छे नागरिक एवं जिस क्षेत्र में उनकी रुचि है, उन्हें प्रोत्साहित किया। उन्हें खेल के माध्यम से उनमें नई शक्ति का संचार लगातार नेचर सिटी मिलन मंडली में बाल शाखा के हर रविवार को 4 बजे से 5 बजे तक नियमित रूप से किया जा रहा है। कार्य प्रमुख सिद्धी विनायक पाण्डेय ने बच्चों की बौद्धिक क्षमता की परीक्षा ली। कार्यक्रम में लोमस शिन्दे, संतोष जायसवाल, पुलकदेव गौतक, नागेन्द्र शर्मा, रामचंद्र दुबे, सोमित्र शर्मा, राजा गुप्ता, संदीप कौशिक आदि मौजूद थे।

तापमान

अधिकतम 39.6 डिग्री

न्यूनतम 22.2 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, सोमवार 30 मार्च 2026



मरीमाई सड़क पर निर्माण कार्य नहीं होने से यहां रहने वाले लोग धूल से परेशान रहते हैं।



## खबर संक्षेप

### कुत्तों ने बनाया बच्ची को निशाना



**बिलासपुर।** मोहल्ले में खड़ी बच्ची को सुबह सवेरे कुत्तों ने हमला कर घायल कर दिया है। परिजनों ने उसे सिम्स में भर्ती कराया है। जहां उसकी हालत स्थिर है। बताया जा रहा है कि यदुनंदन नगर निवासी ललित बंजारे की बेटी आरोही बंजारे रविवार की सुबह 8.30 बजे मोहल्ले में खेल रही थी, इस दौरान मोहल्ले के कुछ कुत्ते उसपर झपट पड़ें, इस दौरान उसके पैर और हाथ में चोट लगी है। जिसे परिजनों ने सिम्स में भर्ती कराया है। इन दिनों कुत्तों द्वारा बच्चों को काटने की घटनाएं बढ़ी है, यही कारण है कि रोजाना 10 से अधिक बच्चों को सिम्स में रैबिज का इंजेक्शन लगाया जा रहा है।

### पारा बढ़ते ही गर्मी ने किया हलाकान

**बिलासपुर।** गर्मी ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया है। मार्च खत्म हो रही है और गर्मी धीरे-धीरे गर्मी के सितम महसूस हो रहे हैं। रविवार को भी जबरदस्त गर्मी ने लोगों को हलाकान कर दिया। इस दौरान पारा 39.6 डिग्री दर्ज किया गया, यानी 40 के करीब पहुंचते ही गर्मी के कारण लोगों को पसीना बहाना पड़ रहा है। मौसम जानकारों के मुताबिक गर्मी कुछ ही दिनों में 42 डिग्री का तापमान पार कर सकता है। ऐसे में धूप में निकलने से पहले लोगों को एतिहात बरतने की सलाह दी जा रही है। प्रदेश में मौमस का मिजाज सख्त बना हुआ है,सामान्य से तापमान 2 डिग्री अधिक है।

### पेंच वर्क से चलाया जा रहा काम

**बिलासपुर।** मध्यनगरीय चौक से चंद्रिका होटल तक रविवार को सड़क पेंचिंग की गई है। जहां सड़क खस्ताहाल है वहां नगर निगम के द्वारा महज पेंच वर्क कराकर काम चलाया जा रहा है। दरअसल सड़क साल भर से उधड़ चुकी है, लेकिन अधिकारी सड़क को नए सिरे से बनाने के बजाए पेंच वर्क कर रहे है। पेंच वर्क से जहां सड़क का अलायमेंट खराब है, वहीं महज कुछ ही महीनों में उसके उधड़नें की आशंका बनी रहती है।

### अवैध बस स्टापेज, जाम में फंसते हैं लोग

**बिलासपुर।** महाराणा प्रताप चौक लोगों को सहुलियत कम, मुसीबत ज्यादा देती है। करीब 1 माह से रिंग रोड से चौक जाने वाले मार्ग में गैस पाइप लाइन ठीक करने काम नगर निगम द्वारा किया जा रहा था, हाल ही में गड्ढें को भर कर पाट दिया गया है लेकिन दो दिनों से उसकी दूसरी ओर काम किया जा रहा है। इसी से लगी हुई सड़क पर ही रोजाना बसों रेला लगा रहता है, जिससे दिन के किसी भी समय गुजरने पर जाम की स्थिति बनती है। ऐसे में लोगों को यहां से गुजरना मंहगा पड़ जाता है।

### एनएचएम में पदों की पात्रता सूची जारी

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत विभिन्न रिक्त संविदा पदों फिजियोथेरेपिस्ट, डेंटल असिस्टेंट-एनओएचपी, फीडिंग डिमांसट्रेटर-एनआरसी, एमपीडब्ल्यू-यूएएम, सेक्रेट्रियल असिस्टेंट-आईडीएसपी, एनपीसीबी, कुक-एनआरसी, क्लीनर-एसएनसीयू, आयाबाई-एसएनसीयू की पात्र-अपात्र सूची जारी कर दी गई है। सूची के संबंध में दावा आपत्ति निर्धारित प्रपत्र में सीएमएचओ के नाम से 30 मार्च को शाम 5 बजे तक कार्यालय के आवक जावक शाखा में जमा कर सकते है। पदों की सूची एवं दावा आपत्ति का प्रारूप कार्यालय सूचना पटल पर एवं जिले की वेबसाइट पर देखा जा सकता है।


# 9540 स्कूल डी ग्रेड में, कक्षा एक से तीन तक के ये 20 लाख बच्चे न गिनती जानते हैं और न ही अक्षर ज्ञान, अब इन्हें गोद लेगी सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खास खबर

प्रदेश में 17.76% स्कूल डी ग्रेड वाले हैं। कक्षा एक से तीन तक के यह बच्चे न गिनती जानते हैं और न ही उन्हें अक्षर ज्ञान है। यह जानकारी मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत राज्य के 56,895 सरकारी स्कूलों के सोशल ऑडिट में सामने आई है। ऑडिट में 9540 स्कूलों को डी ग्रेड मिला। जबकि ए ग्रेड स्कूल 16,785 हैं। ध्यान रहे कि ऑडिट के लिए प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं हाई-हायर सेकंडरी स्तर पर प्रश्नावली तैयार करने और प्रशिक्षण देने का काम राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद ने किया। समग्र शिक्षा विभाग इसमें नोडल एजेंसी थी। कुल मिलाकर 47 हजार 355 स्कूल ए, बी और सी ग्रेड में शामिल रहे।

ध्यान रहे कि यह ऑडिट 6 से 8 अक्टूबर 2025 के बीच हुआ था। अब ग्रेड में सुधार के लिए अधिकारियों की टीम बनाई गई है। अधिकारियों के मुताबिक इसका उद्देश्य शिक्षा के गुणवत्ता में सुधार करना था। स्कूलों का मौजूद आधारभूत सुविधाओं, छात्र उपलब्धियों और शिक्षकों की उपस्थिति समेत कई बिंदुओं पर मूल्यांकन किया गया। ऑडिट के लिए प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और हाई हायर सेकंडरी स्तर पर प्रश्नावली तैयार की गई। ऑडिट के बाद स्कूलों को ग्रेडिंग दी गई। 47,355 स्कूल ए, बी और सी ग्रेड में रहे।



- पढ़ाई का रिपोर्ट कार्ड जारी, राज्य के 17 .7% स्कूल डी-ग्रेड में पाए गए
- कुल मिलाकर 47 हजार 355 स्कूल ए, बी और सी ग्रेड में शामिल किए

### 20 प्रश्नों के आधार पर मूल्यांकन

हर स्कूल में एक सामाजिक अंकेक्षण दल का गठन किया गया। इसमें स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य, स्थानीय प्रतिनिधि व अनुभवी समुदाय के सदस्य शामिल थे। विकासखंड स्तर पर संकलित प्रपत्रों को डेटा एंट्री के लिए चयनित 5 शिक्षकों की टीम ने पोर्टल में अपलोड किया। स्कूल में उपलब्धता की आधार पर टीमों ने 20 बिंदुओं में सोशल ऑडिट किया। कुल 20 प्रश्नों पर जानकारी एकत्र की गई। इनमें बच्चों की पठन क्षमता, गणितीय कौशल, शिक्षकों की उपस्थिति, पुस्तकालय उपयोग, परीक्षा परिणाम, स्थानीय भाषा के उपयोग जैसे पहलू शामिल थे। इसी के आधार पर स्थिति का विश्लेषण किया गया।

### डी-ग्रेड स्कूलों को गोद देने की योजना

सोशल ऑडिट के दौरान यह भी चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि कई डी-ग्रेड स्कूलों में कक्षा एक से तीन तक के बच्चों को न तो गिनती आती है और न ही अक्षरों की पहचान है। इसे शिक्षा व्यवस्था के लिए गंभीर स्थिति माना गया है। इसी स्थिति को सुधारने के लिए सरकार ने डी-ग्रेड स्कूलों को गोद देने की योजना शुरू की है। योजना के तहत जनप्रतिनिधि और अधिकारी स्कूलों का चयन करेंगे और साल में कम से कम दो बार स्कूल का दौरा करेंगे। निरीक्षण के दौरान पढ़ाई की गुणवत्ता, बच्चों की उपस्थिति, शिक्षण स्तर और बुनियादी सुविधाओं की जांच की जाएगी।

### निगरानी के लिए विशेष ऐप भी बनाया

डी-ग्रेड स्कूलों के निरीक्षण और निगरानी के लिए एक विशेष ऐप भी बनाया गया है, जिससे पूरी प्रक्रिया पर नजर रखी जाएगी। सरकार को उम्मीद है कि इस पहल से डी-ग्रेड स्कूलों में तेजी से सुधार होगा और बच्चों को बेहतर शिक्षा मिल सकेगी। हालांकि अब यह देखना होगा कि यह योजना कागजों तक सीमित रहती है या वाकई स्कूलों की सूरत बदल पाती है। अभियान के तहत सभी शालाओं में सामाजिक अंकेक्षण हो चुका है और इसके माध्यम से ऐसी शालाओं का चिह्नांकन किया गया है, जिनमें सुधार के लिए अभियान चलाया जाएगा।

### सुविधाओं की होगी जांच

स्थिति को सुधारने के लिए सरकार ने डी-ग्रेड स्कूलों को गोद देने की योजना शुरू की है। योजना के तहत जनप्रतिनिधि और अधिकारी स्कूलों का चयन करेंगे और साल में कम से कम दो बार स्कूल का दौरा करेंगे। निरीक्षण के दौरान पढ़ाई की गुणवत्ता, बच्चों की उपस्थिति, शिक्षण स्तर और बुनियादी सुविधाओं की जांच की जाएगी।

- आरपी आदित्य, संयुक्त संचालक, शिक्षा विभाग

## 26 करोड़ 93 लाख रुपए से अधिक की लागत से विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन

# अटल जी की प्रतिमा उनके ऐतिहासिक व्यक्तित्व से प्रेरणा एवं स्मृतियों को सहेजने की पहल : मुख्यमंत्री





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रविवार को शहर में 26.93 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। नए रिवर व्यू में आयोजित इस कार्यक्रम में सबसे पहले यहां नवनिर्मित अटल परिसर में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की आदमकद प्रतिमा का अनावरण और उद्यान का लोकार्पण किया। इसके साथ ही इमलीपारा रोड पर बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड की तरफ से 10 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित कॉम्प्लेक्स का भी लोकार्पण मुख्यमंत्री श्री साय ने किया।

मुख्यमंत्री 29 मार्च की शाम करीब 6 बजे सूरजपुर से हेलीकॉप्टर के जरिए बिलासपुर पहुंचे। रिवर व्यू में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी अजेय योध्दा थे। वे देश के तीन बार प्रधानमंत्री बने और उनके रास्तों में चलना हमेशा ही प्रेरणादायी रहा है। उन्होंने कहा कि श्री बाजपेयी की प्रतिमा सभी पंचायतों और नगरीय निकायों में स्थापित की जा रही है। इसके लिए नगर निगम को 50 लाख, नगरीय निकाय को 30 लाख और नगर पंचायत को 20 लाख की राशि दी जा रही है सीएम श्री साय ने कहा कि बिलासपुर के विकास के लिए कोई कमी नहीं होगी और मास्टर प्लान बनाकर काम किया जा रहा है। अरपा के दोनों छोर पर बन रही सड़क से सुविधा मिलेगी। सीएम ने कहा कि विश्व भर में चल रहे युध्द का असर भारत में नहीं पड़ रहा है क्योंकि देश की बागडोर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों में नहीं है। सीएम ने कहा कि देश में पेट्रोल-डीजल के साथ ही एलपीजी की कोई कमी नहीं है। इसलिए जनता को घबराने की जरूरत नहीं है। इसके लिए खास तौर पर प्रदेश और जिला स्तर पर कंट्रोल रूम भी बनाया गया है।

### छग राज्य का निर्माण अटल जी की देन- तोखन

केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अटल परिसर का लोकार्पण हमारे लिए गौरव की बात है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सभी नगरीय निकायों में अटल परिसर के निर्माण का निर्णय लिया गया है, यह महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी राजनीति के अजातशत्रु थे, उनके योगदान को शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता, उन्होंने भारत को परमाणु संपन्न राष्ट्र बनाया, शिक्षा को गांव-गांव तक पहुंचाने का काम अटल जी ने किया, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के माध्यम से गांव को सड़क से जोड़ने का काम किया। छत्तीसगढ़ की जनता की खुशहाली के लिए राज्य का निर्माण अटल जी की देन है।

### मास्टर प्लान के हिसाब से शहर का विकास- अमर

बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल ने कहा कि आज अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य में विश्व युद्ध के संकट से जूझ रहा है लेकिन ऐसी स्थिति में भारत पूरी दृढ़ता और मजबूती के साथ खड़ा है। इसका श्रेय स्वर्गीय भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को जाता है। आज के इस कार्यक्रम में अटल जी के प्रतिमा के अनावरण का साक्षी बनने का अवसर मिला यह हमारे लिए गौरव का क्षण हैं।उन्होंने कहा कि एक हजार करोड़ रुपए का रिंग रोड की स्वीकृति मिली है जो कि शहर के बाहर से बनेगा। इससे शहर में ट्रैफिक का दबाव कम होगा। इसके साथ ही 1200 करोड़ रुपए के तीन बड़े ब्रिज भी बनाए जांएगे। मास्टर प्लान के हिसाब से दूसरी बड़ी परियोजनाओं पर भी काम जारी है। पानी की कमी नहीं हो इसके लिए 400 करोड़ रुपए की पाराघाट योजना भी जल्द सामने आएगी।

### अटल जी कवि और प्रखर राष्ट्रवादी राजनेता थे - महापौर

नगर निगम महापौर श्रीमती पूजा विधानी ने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि अटल जी कवि और प्रखर राष्ट्रवादी राजनेता के रूप में जाने जाते हैं। अटल जी की प्रतिमा न केवल मूर्ति है बल्कि उनके ऐतिहासिक व्यक्तित्व की स्मृतियों को सहेजने की और उनसे प्रेरित होने की एक पहल है। इस अवसर पर बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, तखतपुर विधायक धरमजीत सिंह, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, पूर्व सांसद लखनलाल साहू, दीपक सिंह, मोहित जायसवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, कमिश्नर सुनील जैन, कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनेश सिंह, नगर निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, नगर निगम सभापति विनोद सोनी, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष रजनीश सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



### इन कार्यों का किया लोकार्पण

मुख्यमंत्री ने रविवार को कुल 12.43 करोड़ रुपए के विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। इसमें रिवर व्यू में बने 50 लाख रुपए की लागत से निर्मित अटल परिसर, मराठी पुत्री शाला भवन में प्रथम तल का निर्माण (73.22 लाख रुपए), इमलीपारा व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स (10 करोड़ रुपए) और रक्षित आरक्षी केंद्र में 1.20 करोड़ रुपए के निर्माण कार्य शामिल हैं।

### 14.50 करोड़ रुपए के कार्यों का भूमिपूजन

इसके साथ ही मुख्यमंत्री श्री साय ने 14.50 करोड़ रुपए के कार्यों का भूमिपूजन भी किया। इनमें अरपा राम सेतु से शनिचरी अरपा नदी तक सड़क, नाला और पिचिंग कार्य (12.95 करोड़ रुपए), भारत चौक से मगरपारा चौक वार्ड नंबर 4 में 1.04 करोड़ रुपए से सड़क नवीनीकरण, चौड़ीकरण व आरसीसी नाली निर्माण, और उस्लापुर हाफा रोड तिराहे पर भगवान बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा का निर्माण के साथ चबूतरा निर्माण (50 लाख रुपए) शामिल हैं।



रजिस्ट्री कार्यालयों पर दबाव नहीं

# रजिस्ट्री कार्यालयों को टारगेट देना भूला पंजीयन विभाग

**बिलासपुर।** पंजीयन विभाग इस बार चालू वित्तीय वर्ष के लिए प्रदेश के रजिस्ट्री कार्यालयों को राजस्व कलेक्शन के लिए टारगेट देना ही भूल गया है। ऐसा पहली बार हुआ है जब विभाग की ओर से पंजीयन कार्यालयों को लिखित में राजस्व कलेक्शन के लिए कोई टारगेट ही नहीं दिया है, इसलिए इस बार रजिस्ट्री कार्यालयों पर टारगेट पूरा करने का कोई दबाव नहीं है। वैसे बिलासपुर जिले में पंजीयन कार्यालय द्वारा अब तक 279 करोड़ रुपए रजिस्ट्री से कमाया जा चुका है।

- जमीन की रजिस्ट्री से पंजीयन कार्यालय ने अब तक कमाए 279 करोड़ रुपए

शासन की ओर से पंजीयन महानिरीक्षक कार्यालय द्वारा हर साल नए वित्तीय वर्ष के लिए सभी जिलों के पंजीयन कार्यालयों को राजस्व कलेक्शन के दृष्टि से टारगेट दे दिया जाता था। साल के बीच में या फिर मार्च महिने में टारगेट में बदलाव भी किया जाता था और कभी टारगेट बढ़ा दिया जाता था तो कभी कम किया जाता था। इस विभागीय टारगेट को लेकर ही पंजीयन कार्यालय अपना काम करते थे। पिछले साल भी पंजीयन विभाग की ओर से बिलासपुर जिला पंजीयन कार्यालय को 350 करोड़ राजस्व संग्रहण का टारगेट दिया गया था, जिसे बाद में अचानक बढ़ाकर 470 करोड़ कर दिया गया था। हालांकि पंजीयन कार्यालय ने इस टारगेट का पीछा करते हुए 265 करोड़ रुपए प्राप्त कर लिया था। इस चालू वित्तीय वर्ष के लिए पंजीयन विभाग ने लिखित में कोई टारगेट जारी नहीं किया है। बावजूद इसके जिला पंजीयन कार्यालय ने अभी तक की स्थिति 279 करोड़ राशि प्राप्त कर लिया है और 31 मार्च तक यह आंकड़ा और ऊपर जाएगा।

### नहीं मिला है टारगेट

इस बार विभाग से लिखित में पंजीयन कार्यालय को टारगेट नहीं मिला है, फिर भी जिला ने पिछले साल के राजस्व का आंकड़ा को पार कर लिया है। अवकाश के दिनों में भी इस माह पंजीयन कार्यालय खोलने का निर्देश है और अवकाश के दिनों में भी पंजीयन कार्यालय में जमीन रजिस्ट्री कार्य हो रहा है।

- राजीव स्वर्णकार, जिला पंजीयक

## विष्णुदेव साय ने किया नाइट ऑपरेशन्स का लोकार्पण, रायपुर के लिए रवाना हुए

# बिलासपुर एयरपोर्ट से रात्रि उड़ान सेवा शुरू, मुख्यमंत्री ने भरी पहली उड़ान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

### 31 करोड़ की लागत से 3 सी आईएफआर अपग्रेड, अब रात में भी उड़ानें संभव






बिलासपुर के बिलासा देवी केवट एयरपोर्ट से रविवार रात्रि उड़ान सेवा की ऐतिहासिक शुरुआत हो गई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नाइट ऑपरेशन्स का लोकार्पण किया और इसी दौरान स्वयं रात में पहली उड़ान से रायपुर के लिए रवाना हुए। विधायक धर्मजीत सिंह भी मुख्यमंत्री के साथ रात्रि कालीन उड़ान में रायपुर गए।

उल्लेखनीय है कि एयरपोर्ट को 3 सी वीएफआर से 3 सी आई एफ आर श्रेणी में उन्नत करने के लिए कुल 31 करोड़ 1 लाख रुपए की लागत से कार्य किया गया है। इस उन्नयन के बाद डीजीसीए ने 6 फरवरी 2026 को 3 सी आई एफ आर एवं रात्रि संचालन की अनुमति प्रदान की थी। समारोह की अध्यक्षता केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने की। इस अवसर पर विशेष रूप से विधायक धरमलाल कौशिक, अमर अग्रवाल, धर्मजीत सिंह, सुशांत शुक्ला, महापौर पूजा विधानी उपस्थित थीं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने संबोधन में इस उपलब्धि को योजनाकारों, तकनीकी टीम, एयरपोर्ट कर्मियों और स्थानीय प्रशासन के संयुक्त प्रयासों का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि रात्रिकालीन उड़ान सेवा शुरू होने से बिलासपुर की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हो गई है। इसके लिए यहां के जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने काफी संघर्ष किया है। उन्होंने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सुविधा बिलासपुर के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। रात्रि उड़ान सेवा शुरू होने से अब निर्धारित और अनिर्धारित उड़ानों के साथ-साथ आपातकालीन एवं मेडिकल फ्लाइट्स भी रात में संचालित हो सकेंगी, जिससे जीवनरक्षक सेवाएं और अधिक प्रभावी होंगी। बेहतर हवाई संपर्क से व्यापार, पर्यटन और निवेश को बढ़ावा मिलेगा तथा क्षेत्रीय विकास को नई गति मिलेगी। मुख्यमंत्री ने नागरिकों से इस नई सुविधा का अधिकतम लाभ उठाने की अपील करते हुए सभी यात्रियों के लिए सुरक्षित और सुखद यात्रा की कामना की। यह ऐतिहासिक पहल बिलासपुर को प्रदेश के प्रमुख हवाई केंद्रों में स्थापित करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। समारोह में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने बिलासपुर की जनता को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

श्री साहू ने कहा कि बिलासपुर एयरपोर्ट में तमाम सुविधाएं विकसित हो रही हैं। रक्षा मंत्रालय से जमीन मिल चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हवाई चप्पल पहनने वाले को हवाई यात्रा करने के सपना पूरा हो रहा है। समारोह को विधायक धरमलाल कौशिक ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर संभाग आयुक्त सुनील जैन, आईजी राम गोपाल गर्ग, कलेक्टर संजय अग्रवाल एसपी रजनीश सिंह ,एयरपोर्ट के डायरेक्टर एन वीरेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### मौहाभाठा में जंवारा विसर्जन



**तखतपुर।** ज्योत जंवारा विसर्जन का कार्यक्रम मौहाभाठा में किया गया। इस अवसर पर जसगीत मंडली की ओर से भजन एवं जसगीत की प्रस्तुति दी गई। आयोजन के आचार्य पं नीरज पाण्डेय, मुख्य यजमान चमेली राकेश साहू रहे। इस अवसर पर अनुज राम, पिल्लूराम, हीरा लाल, सुरेश साहू, सुखीराम, श्याम, खिलावन, गुलाब, भानूराम, जगन्नाथ, देवचरण, चंद्रकुमार, कलेश राम, राम रतन, माखन लाल, गिलेश, संतोष, राजेश, महेंद्र सहित अन्य उपस्थित रहे।

### कलश यात्रा के साथ नवधा रामायण शुरू



**बेलतरा।** बेलतरा क्षेत्र के ग्राम पंचायत नेवसा में अखंड नवधा रामायण का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। शुक्रवार संध्या 6 बजे आयोजन स्थल गुड़ी चौक से कलश यात्रा निकाली गई, जो गांव के गली-चौराहों का भ्रमण करते हुए वापस पंडाल स्थल पहुंची। कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के जय श्रीराम के नारे से पूरा गांव गूंज उठा। आचार्य पं सन्तोष मिश्रा ने विधि-विधान से कलश की पूजा कर यज्ञ का शुभारंभ किया। अखंड नवधा रामायण यज्ञ का शुभारंभ 27 मार्च से हुआ एवं समापन 6 अप्रैल को हवन, पूर्णाहुति, सहस्त्रधारा तथा ब्राह्मण भोज के साथ होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में नवधा रामायण यज्ञ समिति के सदस्य एवं ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

### किरना में 5वीं के बच्चों को दी गई विदाई



**सरगांव।** पीएमश्री शास प्राथमिक विद्यालय किरना में कक्षा 5वीं के बच्चों का विदाई समारोह आयोजित किया गया, जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान शाला परिवार की ओर से न्योता भोज का आयोजन भी किया गया। प्रधान पाठक ने कहा कि, इससे छोटे बच्चों में शिक्षा के प्रति उत्साह व रुचि बढ़ेगी। कार्यक्रम में बच्चों को शिक्षकों ने उपहार स्वरूप पानी बोतल एवं फोटोग्राफ्स प्रदान किया। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य आशा कौशिक रामेश्वरी केवट, ज्योति अग्रवाल, संगीता वर्मा, संगीता रानी बंजारे उपस्थित रहे।

### शिवघाट मुक्तिधाम में शेड निर्माण का भूमिपूजन



**जरहागांव।** नगर पंचायत बरेला के शिवघाट मुक्तिधाम में 4.53 लाख के शेड निर्माण का भूमिपूजन किया गया, ताकि बरसात में होने वाली दिक्कत से बचा जा सके। इस मौके पर नगर अध्यक्ष नरेश पटेल ने कहा कि, मुक्तिधाम में शेड नहीं होने के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता था। गर्मी के दिनों में धूप तो बरसात में बरसते पानी के बीच क्रिया कर्म करना पड़ता था। शेड बन जाने से काफी हद तक राहत मिलेगी। इस अवसर पर उपाध्यक्ष शेख जैनूल, पाषर्द देवहूति बबलू पटेल, मुन्नी बाई पवन पटेल ,सुनीता विजय दीवान, जगदीश साहू, जया रमेश पटेल, हीरालाल पटेल, सीएमओ नरेश महेश एवं इंजीनियर सहित नगरवासी उपस्थित रहे।

### मछली पकड़ने नदी में लगाया करंट, खुद ही आया चपेट में, मौत

**तखतपुर।** नदी में मछली पकड़ने के लिए लगाए गए करंट की चपेट में आने से व्यक्ति की मृत्यु हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में ले लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मनियारी नदी के सुरीघाट पर स्थानीय निवासी मायाराम कैवर्त ने मछली पकड़ने के नदी में करंट के साथ जाल फैलाया हुआ था। इस बीच उसने नदी में एक बड़ी मछली को देखा, तो से पकड़ने के लिए तो जल्दबाजी में नदी में कूद गया। पानी में करंट प्रवाहित था, जिसकी चपेट में आकर उसकी मृत्यु हो गई।

## निधन

### वंदना देवी मोटवानी



**बिलासपुर।** एकता कालोनी जरहाभाठा (कुम्हारपारा) निवासी वंदना देवी मोटवानी का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 30 मार्च को सुबह 10 बजे उनके निवास से झूलेलाल मुक्ति धाम कस्तूरबा नगर सिंधी कॉलोनी के लिए निकलेगी। वे भरतलाल मोटवानी की पत्नी, अनिल मोटवानी की माता थीं।

### सिद्धनाथ कश्यप



**बिलासपुर।** मगरपारा चौक निवासी सिद्धनाथ कश्यप का 29 मार्च रविवार को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 30 मार्च सोमवार को सुबह 9 बजे सरकंडा मुक्तिधाम में होगा। वे गया प्रसाद कश्यप के पिता थे।

### तिलकराम यादव



**बिलासपुर।** तखतपुर के ग्राम बेलसरी के वरिष्ठ नागरिक और शिक्षा विभाग से सेवानिवृत लेखपाल तिलक राम यादव का निधन हो गया। वे अमित यादव, आशीष यादव के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार 30 मार्च को गृहग्राम बेलसरी में किया जाएगा।

### दफनाया गया था शव, परिजन की शिनाख्त पर हुई पुष्टि

# जंगल में मिली लापता पूर्व लेखपाल की सड़ी-गली लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी



विगत 9 दिनों से लापता ग्राम झाफल निवासी सेवानिवृत लेखापाल की दफन अवस्था मे सड़ी-गली लाश मिलने से इलाके में सनसनीखेज फैल गई। पुलिस ने देवसरा बांध के पास से शव को जमीन से बाहर निकलवाया एवं शिनाख्त के बाद शव को पीएम के लिए भेजा।

मिली जानकारी के अनुसार सेवानिवृत्त शिक्षा अधिकारी दामोदर सिंह राजपूत 62 वर्ष पिता स्व बारेलाल राजपूत मूल निवासी ग्राम झाफल 21 मार्च सुबह करीबन 10 बजे मुंगेली करही से अपने पैतृक गांव झाफल नवरात्रि कार्यक्रम में शामिल होने मोटरसायकल से निकले थे। देर शाम तक वे ना तो अपने गांव झाफल नहीं पहुंचे, ना ही अपने मुंगेली स्थित किराए के घर पर वापस लौटे। ऐसी स्थिति में परिजनों उनकी खोजबीन शुरू की, लेकिन उनका कोई पता नहीं चला। इस पर घबराए परिजनों ने लालपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई। विवेचना के दौरान उनकी बाइक मुंगेली-लोरमी मार्ग के मनोहरपुर से लावारिस हालत में बरामद की गई, जिससे परिजनों की चिंता और भी बढ़ गई। 9 दिन बाद आखिरकार पुलिस शव तक पहुंच गई। पुलिस परिजन एवं संदेहियों से लगातार पूछताछ कर रही है।

- संदेहियों से पूछताछ जारी, पुलिस जांच में जुटी

**दफनाया गया था शव**

पंडरिया एवं स्थानीय पुलिस के अनुसार पंडरिया से 16 किलोमीटर दूर देवसरा वनक्षेत्र के बांध के पास दामोदर सिंह का शव दफन अवस्था में सड़ी-गली हालत में मिला, जिसे बाह निकाला गया। परिजनों से शव की शिनाख्त के बाद पुलिस ने पंचनामा की प्रक्रिया पूर्ण कर शाव को पीएम के लिए पंडरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रवाना किया। पुलिस ने आशंका जताई है कि, लापता होने वाले दिन ही दामोदर सिंह को ठिकाने लगा दिया गया। अब शव बरामद होने के बाद मामले में पुलिस ने संदेहियों की धरपकड़ कर परिजनों से पूछताछ प्रारंभ कर दिया है। लालपुर पुलिस एवं सायबर सेल की टीम तकनीकी साक्ष्यों को एकत्र कर मामले की जांच में जुटी हुई है।

**आरोपी बख्शे नहीं जाएंगे**

देवसरा के जंगल मे पंडरिया पुलिस को मृतक दामोदर का शव सड़ी-गली हालत में मिला है, जिसकी शिनाख्त परिजनों ने कर ली है। पुलिस मामले में संदेहियों एवं परिजनों से पूछताछ कर रही है। आरोपी बख्शे नहीं जाएंगे।

-हरविंदर सिंह, एसडीओपी



## भैरव बाबा मंदिर में उपनयन संस्कार 24 जून को

**बिलासपुर।** रतनपुर स्थित भैरव बाबा मंदिर प्रांगण में अखंड ब्राह्मण समाज सेवा समिति विप्र जागरण प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष पं. जागेश्वर अवस्थी के मार्गदर्शन में निःशुल्क व्रतबंध (उपनयन) संस्कार का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों के बालकों को वैदिक परंपराओं से जोड़ना तथा संस्कारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

समिति के प्रदेश अध्यक्ष पं. योगेश तिवारी के अनुसार, इस कार्यक्रम में योग्य आचार्यों के मार्गदर्शन में विधि-विधानपूर्वक व्रतबंध संस्कार संपन्न कराया जाएगा। अनिल शर्मा ने कहा कि आयोजन में भाग लेने वाले सभी बालकों को यज्ञोपवीत, पूजन सामग्री एवं आवश्यक वस्तुएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। समिति ने समाज के सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बालकों का पंजीयन समय रहते कराएं और इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन का लाभ उठाएं। कार्यक्रम की तिथि ज्येष्ठ माह शुक्ल पक्ष दशमीं तिथि एवं अंग्रेजी माह के 24 जून को तय किया गया है। समय एवं पंजीयन संबंधी जानकारी के लिए इच्छुक व्यक्ति समिति के सदस्यों से संपर्क कर सकते हैं। समिति की नारी प्रकोष्ठ प्रदेश प्रमुख चित्रा तिवारी ने समस्त समाजजनों से इस कार्य में सहयोग एवं सहभागिता का आग्रह किया है। बैठक में सहभागिता कल्याणी तिवारी एवं प्रतिमा पांडेय की रही। कार्यक्रम की जानकारी प्रदेश मीडिया प्रभारी कान्हा तिवारी ने दी।

## बर्ड फ्लू की आशंका से दहशत में मुर्गा व्यापारी



**तखतपुर।** बर्ड फ्लू की आशंका के चलते इन दिनों पोल्ट्री फार्म व्यवसायियों की नींद उड़ गई है। नुकसान से बचने खुले में मुर्गियों को छोड़ दिया गया है।

इन दिनों बर्ड फ्लू की आशंका पूरे क्षेत्र में है, जिसकी सूचना कुछ दिन पहले बिलासपुर में फैली थी। उसके बाद धीरे धीरे इस क्षेत्र में भी यह खबर फैल गई, जिससे पोल्ट्री फार्म व्यावसायियों की नींद उड़ गई। इस बिमारी से उन्हें कोई आर्थिक नुकसान न हो, इसलिए पोल्ट्री व्यवसायियों ने मुर्गियों को खुले में छोड़ दिया है। इसी क्रम में मुख्य मार्ग से आधा किलोमीटर दूर ग्राम नगोई बायपास के पास बोरी में मृत मुर्गियों मिलीं। आशंका है कि, बीती रात किसी ने मुर्गियों को वहां फेंका होगा। कुछ लोग रविवार को मॉर्निंग वॉक पर निकले, तो देखा कि मुर्गियों को बोरी में भरी हुई मुर्गियों को कुत्ते खा रहे थे। बर्ड फ्लू के खतरे को देखते हुए मुर्गी पालक और उसके व्यापारी चिंतित हैं। साथ ही मुर्गा खाने वाले भी अब इससे बच रहे हैं। पिछले कुछ दिनों से नवरात्रि के बाजार बंद था, ऊपर से बर्ड फ्लू की दस्तक ने मुर्गी प्रेमियों को दहशत मे ला दिया है। तखतपुर सहित आसपास क्षेत्र में लगभग चार-पांच मुर्गी फार्म हाउस है, जिन पर भी अब खतरा मंडराने की आशंका है। इसी को लेकर वे व्यापारी भी डरे हुए है।

## पीएम के मन की बात हम सभी के लिए कुछ नया सीखने का अवसर: कौशिक



**बिलासपुर।** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व बिल्हा धरमलाल कौशिक ने रविवार को बूथ क्र 210, बोदरी में पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष सुरेश पोटानी के निवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' का 132वें संस्करण का श्रवण किया। इस अवसर पर श्री कौशिक ने बताया कि, प्रधानमंत्री जी ने वैश्विक परिस्थितियों के बीच खाड़ी देशों द्वारा भारतीयों को दिए जा रहे सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने देशवासियों से अपील की कि इस चुनौतीपूर्ण समय में हम सभी एकजुट रहें, जागरूक रहें और किसी भी प्रकार की अफवाहों से दूर रहें। उन्होंने आगे कहा कि 'मन की बात' न केवल विचारों का आदान-प्रदान है, बल्कि यह देश को एक सूत्र में बांधने का एक प्रेरणादायक प्रयास भी है। उन्होंने कहा कि, इसके हर एपिसोड से देशवासियों को कुछ नया सीखने और करने की प्रेरणा मिलती है।

## डिप्टी सीएम ने सुनी पीएम के मन की बात



**लोरमी।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने असम के डिब्रूगढ़ में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' सुनी एवं आत्मसात किया।

श्री साव ने कहा, प्रधानमंत्री मंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' में छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले के किसानों के जल संरक्षण प्रयासों की सराहना की है। यह समस्त प्रदेशवासियों के लिए गौरवान्वित करने वाला पल है। उनकी ऊर्जा से प्रेरित एवं ज्ञानवर्धक बातें मानवीय पहल को दर्शाती हैं। उनके शब्द देश के लोगों को नई ऊर्जा प्रदान करते हैं एवं विकसित भारत को नई दिशा प्रदान करते हैं।

## मसीही समाज के जुलूस में प्रेम शांति और भाईचारे का संदेश



**तखतपुर।** मसीही समाज की ओर से पाम संडे के अवसर पर नगर में भव्य जुलूस निकाला गया। जुलूस बंगलापारा, मिशन कंपाउंड एवं शरण नगर के तीनों चर्चों के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया।

जुलूस प्रभु यीशु मसीह के यरूशलेम में विजयी प्रवेश की स्मृति में निकाला गया, जिसका उद्देश्य आम जनमानस तक प्रेम, शांति और भाईचारे का संदेश पहुंचाना था। श्रद्धालु हाथों में खजूर की डालियां लेकर भजन-कीर्तन करते हुए नगर भ्रमण पर निकले। इस दौरान पादरी नवीन मसीह, आशीष दान, हारून मसीह, इजरायल जकाऊ एवं सैमुएल दास के नेतृत्व में जुलूस नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए गुजरा। जुलूस में बड़ी संख्या में मसीही समाज के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान शिप्रा सैमुएल एवं सिंधिया रानी द्वारा पास्टर आशीष दान के नेतृत्व में भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी गई। वहीं पास्टर हारून मसीह एवं पादरी नवीन मसीह ने नगर के विभिन्न चौक-चौराहों पर प्रभु के वचन का प्रचार करते हुए लोगों को आध्यात्मिक संदेश दिया।

## कलेक्टर-एसपी ने एलपीजी की कालाबाजारी रोकने दिए निर्देश



**मुंगेली।** पश्चिम एशिया में उत्पन्न परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दिए गए निर्देशों के अनुरूप कलेक्टर कुन्दन कुमार एवं एसएसपी भोजराम पटेल ने जिले में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए जिला कलेक्टोरेट स्थित एनआईसी कक्ष में संबंधित अधिकारियों की बैठक ली।

बैठक में जिले में एलपीजी, पेट्रोल एवं डीजल एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा अफवाहों पर समुचित नियंत्रण एवं कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान आवश्यक वस्तु की आपूर्ति व्यवस्था, भंडारण, वितरण, परिवहन एवं कानून-व्यवस्था से जुड़े सभी पहलुओं की गहन समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दिए गए निर्देशों के परिपालन में कलेक्टर एवं एसएसपी ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जिले में पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी की आपूर्ति, भंडारण और वितरण व्यवस्था पर सतत निगरानी रखी जाए।

## भाजपा का पं दीनदयाल प्रशिक्षण महाभियान



**मुंगेली।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल मुंगेली के दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के उद्घाटन सत्र का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य अतिथि मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले रहे। उन्होंने भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर प्रशिक्षण महाभियान का शुभारंभ किया।

- विधायक सहित सभी पदाधिकारी रहे मौजूद

यह आयोजन 28 एवं 29 मार्च को किया गया। इस अवसर पर भाजपा परिवार एवं विकास तथा हमारे पितृ पुरुष विषय पर प्रदर्शनी भी आयोजित की गई। उद्घाटन सत्र में अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, स्थायी आमंत्रित सदस्य गिरीश शुक्ला, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शैलेष पाठक, गुरमीत सलूजा, जिला महामंत्रीद्वय कैलाश ठाकुर, जय प्रकाश मिश्रा रहे।

## पाम संडे पर मसीही समाज ने निकाला जुलूस



**जरहागांव।** मसीही समाज की ओर से पाम संडे के अवसर पर नगर में जुलूस निकाला गया।

जुलूस प्रभु यीशु मसीह के यरूशलेम में विजयी प्रवेश की स्मृति में निकाला गया, जिसका उद्देश्य आम जनमानस तक प्रेम, शांति और भाईचारे का संदेश पहुंचाना था। इस दौरान श्रद्धालु हाथों में खजूर की डालियां लेकर भजन-कीर्तन करते हुए नगर भ्रमण पर निकले। पास्टर आर जॉन, कोषाध्यक्ष आदर्श जॉन, निहाल मसीह, अंकित मसीह, शशी लाल, एंजल भारत, राजकुमारी जॉन व पूरे मसीही समाज के नेतृत्व में जुलूस नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए गुजरा। जुलूस में बड़ी संख्या में मसीही समाज के लोग उपस्थित रहे। शशिकांत लाल, अपेत मसीह, निहाल मसीह अंकित मसीह के नेतृत्व में भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी गई, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। वहीं पास्टर आर जॉन ने नगर के विभिन्न चौक-चौराहों पर प्रभु के वचन का प्रचार करते हुए लोगों को आध्यात्मिक संदेश दिया। कार्यक्रम के माध्यम से प्रभु यीशु मसीह के त्याग, प्रेम और मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया गया।

## हत्या के प्रयास के आरोपियों को 10 वर्ष का कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली




सत्र न्यायालय ने धारा 307/34 के तहत आरोपीगण को 10-10 साल का सश्रम कारावास एवं पांच 5000 का अर्थ दंड से दंडित किया। आरोपी लोकनाथ कश्यप पिता महेशी कश्यप उम्र 39 वर्ष एवं कमल कश्यप पिता महेशी कश्यप उम्र 36 वर्ष दोनों निवासी ग्राम मसना थाना लोरमी के विरुद्ध धारा 294, 506, 323 ध34 भारतीय दंड विधान के अंतर्गत अपराध प्रार्थी चंद्रकांत कश्यप की रिपोर्ट पर पंजीबद्ध कर डॉक्टरों की रिपोर्ट के आधार पर धारा 307 भारतीय दंड विधान विवेचना पर जोड़े जाने के बाद आरोपी के विरुद्ध अभियोग पत्र पेश किया गया था।

जिसका विचारण सत्र न्यायाधीश मुंगेली गिरिजा देवी मेरावी के न्यायालय में विचारण हुआ। अभियोजन की ओर से 13 गवाहों को न्यायालय के समक्ष अपनी प्रकरण की सबूत हेतु परीक्षित कराया गया। प्रकरण के प्रार्थी चंद्रकांत कश्यप द्वारा घटना 14 जून 2024 को घर की छत की ढलाई लाई हेतु मिक्सर मशीन अपने घर ला रहा था तभी रास्ते में आरोपी लोकनाथ कश्यप मिक्सर मशीन को नहीं जाने दूंगा, कहते हुए वाद विवाद किया था। आरोपी लोकनाथ कश्यप डंडा एवं आरोपी कमल कश्यप लोहे की गैती से चंद्रकांत कश्यप एवं दिनेश कश्यप के सिर में मारकर तथा आरोपी लोकनाथ डंडा से मारकर प्रार्थी चंद्रकांत कश्यप एवं दिनेश कश्यप को सघातिक चोट कारित किए थे। इस घटना को मौके पर उपस्थित कुलदीप कश्यप नरेंद्र कश्यप, साकेत कश्यप, अशोक साहू द्वारा देखा गया तथा उनके द्वारा बीच-बचाव किया गया था।

न्यायालय द्वारा उपरोक्त निष्कर्ष के आधार पर आरोपीगण को धारा 307/34 भारतीय दंड विधान के आरोप में आरोपीगण को 10-10 साल का सश्रम कारावास एवं पांच 5000 का अर्थ दंड से 27 मार्च को दंडित किया गया है तथा प्रार्थी के प्रतिकर राशि हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को समुचित जांच कर क्षतिपूर्ति राशि दिलाए जाने का अनुशंसा भी की गई है। प्रकरण की विवेचना अखिलेश कुमार वैष्णव निरीक्षक लोरमी तथा अभियोजन की ओर से प्रकरण की पैरवी लोक अभियोजक रजनीकांत सिंह ठाकुर द्वारा की गई है।

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, जरहागांव**

**// उद्घोषणा //**

रा.प्र.क्र.. ग्राम /ब-121/2025-26
ग्राम - लोहराकापा प.ह.नं.03

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी ग्राम लोहराकापा वालो को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका श्री/ श्रीमती / कु. मोनू यादव पिता/पति गुड्डु यादव जाति यादव निवासी ग्राम लोहराकापा तहसील जरहागांव, जिला मुंगेली छ.ग. द्वारा अपने परदादी रूंगसी के मृत्यु दिनांक 05.01.1996 को ग्राम पंचायत कुरानकापा में दर्ज करने हेतु आदेश जारी करने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, अतः इस संबंध में जिस किसी को कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 7/4/2026 को प्रातः 11 बजे तक मेरे न्यायालय तहसील जरहागांव में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20/3/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा को अधीन जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी, जरहागांव**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल मोपका तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्रमांक /Q /सीमांकन/रा.नि./2024
बिलासपुर दिनांक-09/03/2026

आवेदक श्रीमती लालपरी पति नंदकिशोर पाण्डेय आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी 1. सरदार 2. राजेश गुप्ता 3. चौधरी एवं अन्य सभी हितबद्ध पक्षकार।

विषय :- सीमांकन में उपस्थिति बाबत।

संदर्भ :-न्यायालय तहसीलदार/ तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक Q/तह./ना.तह/ वा./2024 बिलासपुर, दिनांक 05/02/2026

ग्राम लिंगियाडीह प.ह.नं.-31 रा.नि.मं. मोपका तहसील व जिला-बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 54/158 रकबा 0.0110 हेक्टेयर के सीमांकन हेतु आवेदक श्रीमती लालपरी पाण्डेय निवासी टिकरापारा बिलासपुर के द्वारा छ.ग.भू राजस्व संहिता, 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार/ तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायलयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमाकंन दिनांक 09/04/26 को समय 10:00 से 05.00 बजे के बीच में किया जाना है। अत: आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज़ के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**राजस्व निरीक्षक**
**मोपका**

**कार्यालय रा.नि.म. बोदरी, तहसील बोदरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग)**

**सूचना पत्र**

सीमांकन/मौका जांच समय उपस्थित होने हेतु प्रति. 1. प्रदीप राय 2. अन्य सरहदी भूमि स्वामी 3. ग्राम कोटवार।

विषय- सीमांकन/मौका जांच के समय उपस्थित होने हेतु सूचना के संबंध में।

संदर्भ- भवदीय न्याया: तह.को ज्ञा.क्र./वा 1 तक 2026 बोदरी दिनांक 10.02.26

उक्त विश्यान्तर्गत लेख है कि आवेदक/ आवेदिका ताराचंद यादव पिता/पति रिछपाल यादव निवासी बिलासपुर द्वारा आवेदित भूमि ग्राम धमनी प.ह.न. 57 रा.नि.म. व तहसील बोदरी स्थित भूमि ख.न. 301/6 रकबा 0.0280 भूमि के संबंध में प्रस्तुत आवेदन पर सीमांकन हेतू छ.ग.रा.सं. की धारा 129 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया है। धारणाधिकार परिवर्तित दर्ज करने हेतु प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जानकारी निम्नानुसार है।

संदभित पत्र के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन/मौका जांच दिनांक 01/04/26 को 12.00 से 4.00 किया जाना है। अत: आप उक्त भूमि से संबंधित अपने समस्त दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित रहें।

टीप :- उपरोक्त सीमांकन मौका जांच अपरिहाय कारणों से तिथि में बदलाव किया जा सकता है।

रा.नि.म. बोदरी तहसील बोदरी जिला बिलासपुर

## धनिया में भाजपा का दो दिवसीय महाप्रशिक्षण आज से

**सीपत।** भारतीय जनता पार्टी सीपत मंडल की ओर से संगठन को और अधिक सशक्त, संगठित एवं विचारशील बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय महाप्रशिक्षण अभियान का आयोजन 30 मार्च 2026 से किया जा रहा है। यह दो दिवसीय महाप्रशिक्षण कार्यक्रम मंगल भवन धनिया के सभागृह में आयोजित होगा, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित मानी जा रही है। इस आयोजन को लेकर पूरे मंडल में जबरदस्त उत्साह का माहौल है। कार्यकर्ताओं के बीच इसे संगठन के ऊर्जा संचार महाकुंभ के रूप में देखा जा रहा है।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, सोमवार 30 मार्च 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




एजुकेशन

## महावीर जयंती पर शोभयात्रा आज पहली बार विराग सागर महराज रहेंगे



**बिलासपुर।** चैत्र मास शुक्ल पक्ष त्रयोदशी पर भगवान महावीर स्वामी का 2625वां जन्म कल्याणक महामहोत्सव मनाया जाएगा। इतिहास में प्रथम बार आचार्य विराग सागर महाराज पट्टाचार्य, आचार्य विशुद्ध सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि 108 सुयश सागर महाराज एवं मुनि श्री 108 कौशल्य सागर महाराज के सानिध्य में मनाया जाएगा, इस शुभ अवसर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सकल जैन समाज द्वारा शोभा यात्रा निकाली जाएगी। जैन सभा अध्यक्ष दीपक जैन ने बताया कि भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक के दिन सोमवार को "चैत्र मास शुक्ल पक्ष त्रयोदशी को तीनों मंदिर में प्रातः 6 बजे से मंगलाष्टक, अभिषेक एवं शांति धारा एवं पूजन की जाएगी तत्पश्चाप प्रातः 7 बजे सरकंडा मंदिर से क्रान्तिनगर मंदिर तक मुनिश्री के सानिध्य में झांकी के साथ शोभा यात्रा निकाली जाएगी। इस बार शोभा यात्रा के साथ तीन गाड़ियों में भगवान महावीर के जीवन से सम्बंधित जीवन्त झांकी निकाली जाएगी, एक गाड़ी में संगीत सम्राट पुष्पेन्द्र जैन के द्वारा संगीतमय वातावरण के साथ गीत प्रस्तुत किए जाएंगे। साथ ही एक गाड़ी में छोटे-छोटे बच्चों द्वारा प्रदर्शन किया जाएगा।

# विश्व रंगमंच दिवस पर 'थिएट्रिकल ईवनिंग' पर कलाकारों ने दी प्रस्तुति





**बिलासपुर।** विश्व रंगमंच दिवस के अवसर पर रविवार को 'थिएट्रिकल ईवनिंग' का आयोजन किया गया। यह आयोजन आनंद संघ की महिलाओं द्वारा वसंत विहार स्थित रविन्द्र भवन में आयोजित होगा। इस सांस्कृतिक संध्या में कोलकाता के प्रसिद्ध 'सौबार पथ' थिएटर ग्रुप द्वारा दो बंगाली नाटकों की प्रस्तुति दी गई, जो रंगमंच प्रेमियों के लिए एक अनूठा और यादगार रहा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि तपन घोष, डॉ हेमंत चटर्जी, मानवेंद्र चटर्जी सहित अन्य लोग मौजूद रहे। यह आयोजन विश्व रंगमंच दिवस के महत्व को रेखांकित करते हुए कला एवं संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ाने का एक सराहनीय प्रयास था।

भेंट

## पं. चतुर्वेदी छत्तीसगढ़ी स्वाभिमान अस्मिता व मातृभाषा के प्रहरी : साय



**बिलासपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को न्यू सर्किट हाउस में पद्मश्री पं श्यामलाल चतुर्वेदी की जन्म शताब्दी पर प्रकाशित स्मृति ग्रंथ की प्रति भेंट की गई। श्री साय ने कहा कि पं. चतुर्वेदी छत्तीसगढ़ी स्वाभिमान, अस्मिता और मातृभाषा के प्रहरी थे। छत्तीसगढ़ी साहित्य के सृजन में उनका अमूल्य योगदान रहा। ज्ञात हो कि पद्मश्री श्यामलाल चतुर्वेदी जन्म शताब्दी समारोह समिति द्वारा 20 फरवरी को लखीराम अग्रवाल स्मृति सभागार में पं चतुर्वेदी जन्म शताब्दी समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर पं चतुर्वेदी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर वरिष्ठ पत्रकार रूद्र अवस्थी के संपादकत्व में स्मृति ग्रंथ का प्रकाशन किया गया। मुख्यमंत्री साय को स्मृति ग्रंथ की प्रति समिति के संयोजक सूर्यकान्त चतुर्वेदी एवं प्रचार सचिव ने स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया।

# कलाकारों ने दी कथक की प्रस्तुति

श्री कला मंजरी कथक संस्थान द्वारा कथक अंग मालिका कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम कथक सम्राट पद्म विभूषण पं. बिरजू महाराज को श्रद्धांजलि के तौर पर समर्पित है। इसमें कलाकारों ने कथक की प्रस्तुति दी।



## पं. बिरजू महाराज को समर्पित रहा कार्यक्रम


हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पं. बिरजू महाराज की शिष्या विद्याहर देशपांडे नासिक थीं। अध्यक्षता छत्तीसगढ़ स्पिक मैके के संयोजक डॉ अजय श्रीवास्तव ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में थावे विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ विनय पाठक एवं प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता प्रवीण झा उपस्थित थे। श्री कला मंजरी कथक संस्थान द्वारा किए जा रहे निरंतर कथक आयोजनों के मध्य यह उसकी अगली कड़ी थी। जिसमें मुख्यतः दो घराने जयपुर और लखनऊ की कथा को प्रमुख आधार मानकर उसकी प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में गुरु प्रणामी संस्थान के सचिव एवं पं. बिरजू महाराज के शिष्य रितेश शर्मा ने राग भूपाली में सरस्वती वंदना एवं उनके शिष्यों ने राग देश में एक तराना लाल, तीन ताल में शुद्ध नृत्य एवं शिव पंचाक्षरी स्तोत्र पर आधारित कथक संयोजन पश्चात राग मालकोश में प्रस्तुति दी। ज्ञात हो कि इस कार्यक्रम के साथ ही विद्या हरि देशपांडे द्वारा कथक नृत्य पर आधारित चार दिवसीय कथक कार्यशाला आयोजित की जा रही है। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पं. राजेंद्र गंगानी के शिष्यों द्वारा लाल अष्ट मंगल पर दी गई प्रस्तुति रही। निर्मालय एवं रंजिता शर्मा कोलकाता ने भी प्रस्तुति दी। कोलकाता के ही प्रख्यात कथक नर्तक संदीप मलिक के शिष्य सुशांत घोष ने तीन ताल में पारंपरिक कथक प्रस्तुत किया।

भगवान श्याम का 101 फूलों से श्रृंगार

## कामदा एकादशी पर निकली निशान यात्रा

**बिलासपुर।** घोंघाबाबा परिसर स्थित श्री श्याम मंदिर में कामदा एकादशी मनाई गई। एकादशी के उपलक्ष्य में राम मंदिर तिलक नगर से एक भव्य निशान यात्रा निकाली गई और देवकीनंदन चौक, सदर बाजार, गोल बाजार होते हुए खाटू श्याम मंदिर पहुंच कर समाप्त हुई। निशान यात्रा में श्याम भक्त हाथ में निशान लिए हुए चल रहे थे। कुल 201 निशान थे। जिसे मंदिर में अर्पित किया गया। वहीं मंदिर में आर्किड, सेवंती, गुलाब सहित अन्य 101 किलो फूल से भगवान श्याम का श्रृंगार किया गया। विशेष पूजा, आराधना भी की गई। भगवान श्याम का दर्शन, पूजन करने श्रद्धालु भक्तों की भी भारी भीड़ रही। यह जानकारी मंदिर के ट्रस्टी दीपराज उपाध्याय ने दी।





आयोजन

## सुरक्षित निवेश, वित्तीय धोखाधड़ी अधिकारों के प्रति जागरूक किया



**बिलासपुर।** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा निवेशक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन आईसीएआई भवन व्यापार विहार में किया गया। यह कार्यक्रम इनवेस्टर एजुकेशन और प्रोटेक्शन फंड एथोंटी के तत्वाधान में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में केट तथा चेंबर ऑफ कॉमर्स के सम्मानित सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य निवेशकों को सुरक्षित निवेश, वित्तीय धोखाधड़ी से बचाव, निवेश से संबंधित अधिकारों एवं जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञ वक्ता आशीष अग्रवाल एवं सीए कपिल सचदेव द्वारा निवेश से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषय बैंकिंग का परिचय,म्‌यूचुअल फंड में निवेश की प्रक्रिया सुरक्षित निवेश के विकल्प,धोखाधड़ी से बचाव के उपाय, निवेशकों के अधिकार, डिजिटल लेन-देन में सावधानियाँ पर विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।





श्री राणी सती दादी मंदिर में आयोजन

## दृष्टिबाधित बच्चियों ने गायन कर बनाया भक्तिपूर्ण माहौल

**बिलासपुर।** रिंग रोड नं. 2 गौरव पथ स्थित श्री राणी सती दादी मंदिर में चुड़ा एवं मौली ग्रुप रानी सती दादी मंदिर परिवार के तत्वावधान में ज्ञानदीप स्पर्श कन्या विद्यालय की दृष्टिबाधित बच्चियों ने गायन कर माहौल को भक्तिमय बना दिया।

चुड़ा एवं मौली ग्रुप रानी सती दादी मंदिर परिवार के सदस्यों ने बताया कि उक्त विद्यालय की छात्राओं ने 9 दिवसीय नवरात्रि के अंतिम दिन रामनवमीं को कुछ समय के लिए मंदिर आकर सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी और हम सबके साथ नवरात्रि के समापन में अपना सहयोग दिया। मंदिर समिति ने सभी आए बच्चों का श्रीफल से सम्मान किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में सुनीता शर्मा, अमित खेडिया, तृप्ति टिबरेवाल, निशा, अंजू, ममता अग्रवाल, प्रमिला तुलस्यान ने अपना सहयोग प्रदान किया।

कार्यशाला

## वाणिज्य व वित्त में शैक्षणिक गुणवत्ता के उत्थान पर व्याख्यान



**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय की वाणिज्य एवं वित्तीय विभाग में शैक्षणिक गुणवत्ता के उत्थान के लिए,राष्ट्रीय शिक्षा नीति अवसर पर चुनौतियां विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम के संयोजक वाणिज्य विभाग के विभागध्यक्ष, डॉ अतुल दुबे एवं मुख्य वक्ता डॉ डी के श्रीवास्तव, विशेष कार्य अधिकारी,उच्च शिक्षा विभाग रायपुर थे। कार्यक्रम में वाणिज्य विभाग की डॉ सुमोना भट्टाचार्य ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। इसके पश्चात डॉ श्रीवास्तव ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्य एवं कार्यान्वयन के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की। विभाग के छात्र- छात्राओं ने प्रश्नों के माध्यम से विषय को समझने का प्रयास किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ पूजा पांडेय के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन सोनाली एवं चिन्मय के द्वारा किया गया।

# 8 राज्यों के खिलाड़ियों ने भाग लिया, साय ने की सराहना

## स्व. लखीराम अग्रवाल टी-20 प्रतियोगिता का रोमांचक समापन

स्पोर्ट्स न्यूज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय रविवार को राजा रघुराज सिंह स्टेडियम में स्वर्गीय लखीराम अग्रवाल की स्मृति में आयोजित टी-20 ड्यूस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में शामिल हुए। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय लेकर उनका हौसला बढ़ाया और जिले के खेल प्रेमियों को बधाई दी। प्रतियोगिता में देश के 8 राज्यों की टीमों ने भाग लिया। जिसमें कई खिलाड़ी रणजी ट्रॉफी तथा आईपीएल जैसे बड़े मंचों पर अपना हुनर दिखा चुके हैं।

समापन मैच में छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ.और खड़गपुर के बीच फाइनल मैच खेला गया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने संबोधन में बिलासपुर के विधायक एवं पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल तथा आयोजन समिति के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय लखीराम अग्रवाल की स्मृति में आयोजित यह प्रतियोगिता अत्यंत सराहनीय है और उन्होंने स्व. लखीराम अग्रवाल को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय लखीराम अग्रवाल से उनका विशेष आत्मीय संबंध रहा है। उन्होंने जीवन भर अद्भुत धैर्य और संघर्ष का परिचय दिया। उन्होंने कभी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया और समाज सेवा के कार्यों में अपना जीवन समर्पित कर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे राज्यसभा सांसद के रूप में भी लंबे समय तक सक्रिय रहे। आज उनकी स्मृति में आयोजित इस टी-20 प्रतियोगिता में देश के 8 राज्यों से खिलाड़ी भाग ले रहे हैं और 9 दिनों तक चले इस आयोजन ने बिलासपुर के खेल प्रेमियों को एक नया उत्साह दिया है। उन्होंने कहा कि बिलासपुर के लोग क्रिकेट के प्रति विशेष लगाव रखते हैं और बड़ी संख्या में मैदान में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हैं। उन्होंने प्रदेश में खेलों के विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि केंद्र सरकार की खेलो इंडिया योजना के तहत प्रदेश में खेल अधोसंरचना और प्रशिक्षण को बढ़ावा दिया जा रहा है। अभी हमारा प्रदेश खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स की मेजबानी भी कर रहा है। बस्तर ओलंपिक और सरगुजा ओलंपिक जैसे आयोजनों में लाखों खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जो प्रदेश की खेल प्रतिभा को नई दिशा दे रहे हैं। कार्यक्रम में विधायक सर्वश्री धरमलाल कौशिक, धर्मजीत सिंह, सुशांत शुक्ला, महापौर पूजा विधानी, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष रजनीश सिंह, पूर्व सांसद लखन साहू, कमिश्नर सुनील जैन, आईजी राम गोपाल गर्ग, कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनेश सिंह, दीपक सिंह, मोहित जायसवाल, पूर्व अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी राजेश चौहान मौजूद रहे।





### बिलासपुर की मेजबानी में शानदार खेल

बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल ने आभार व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का विशेष धन्यवाद दिया। उन्होंने केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों का भी आभार जताया। अमर ने आयोजन समिति, 8 राज्यों से आए खिलाड़ियों, खेल प्रेमी दर्शकों, जिला प्रशासन एवं नगर निगम के अधिकारियों के सहयोग के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि बिलासपुर की मेजबानी में कोई कमी नहीं रहेगी।

## खबर संक्षेप

### सामान नहीं मिलने पर चोरों ने की तोड़फोड़

**बिलासपुर।** सूने मकान में कीमती सामान नहीं मिलने पर चोरों ने जमकर तोड़फोड़ की है। वहीं इलेक्ट्रानिक सामान, कपड़ा, बर्तन, बैंक पासबुक चोरी कर भाग गए। तोरवा पुलिस के अनुसार, हेमूनगर गणपति चौक नारायणी टावर निवासी शिक्षिका सीमा देवी पति स्व. जगदीश प्रसाद साहू एक साल पहले मकान के दरवाजे में ताला लगाकर बच्चों को पढ़ाने के लिए रायपुर चली गई हैं। रायपुर माना में रहकर बीच बीच में आकर अपने घर को देखती थीं। 26 मार्च को वे अपने घर देखने के लिए दोपहर 1.30 बजे आई तो दरवाजे का कुंदा टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो आलमारी में रखा कपड़ा, बर्तन, बैंक पासबुक, इलेक्ट्रानिक सामान की चोरी हो गई थी। घर में चोरों को कीमती सामान हाथ नहीं लगने पर इलेक्ट्रानिक वायरिंग, पंखा, कूलर आदि अन्य सामान को तोड़फोड़ कर नुकसान कर दिया गया था। पुलिस ने श्रीमती साहू की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 305, 324, 4, 331, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### बिजली ठेकेदार की इलाज के दौरान मौत

**बिलासपुर।** होली के दिन सड़क हादसे में घायल बिजली ठेकेदार की इलाज के दौरान मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सिविल लाइन थाना के एएसआई विष्णु साहू ने बताया, रिंग रोड टू चंदेलानगर निवासी बिजली ठेकेदार गोविंद यादव पिता स्व. इंद्रेसन यादव 45 साल 4 मार्च होली के दिन होली खेलकर स्कूटी से घर लौट रह थे। रिंग रोड टू यश सुपरबाजार के पास अज्ञात वाहन के चालक ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी और भाग गया था। हादसे में श्री यादव गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें इलाज के लिए निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया था। 28 मार्च को अपोलो हास्पिटल ले जाते समय रास्ते में उनकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

### घर लौटे स्वामी बेहोश होकर गिर गए, मौत

**बिलासपुर।** सुबह हटलने के बाद स्वामी जी घर लौटे कुछ देर बाद बेहोश होकर गिर गए और उनकी मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सिविल लाइन थाना के एएसआई विष्णु साहू ने बताया, अमरकंटक पुष्पराजगढ़ निवासी स्वामी राजेश्वरनंद पिता सोमेश्वर 52 साल जयपाल टावर फेस 2 फ्लैट नम्बर 401 मीना दत्ता के फ्लैट में 2019 से रह रहे थे, वे नाड़ी देखते थे व कथा करते थे। 29 मार्च की सुबह वे पैदल टहलते हुए बृहस्पति बाजार तक गए। उसके बाद फोन कर आटो चालक अशोक साहू को बुलाकर घर गए। कुछ देर बाद उनसे मिलने के लिए 4 लोग आए। इसी दौरान वह बेहोश होकर गिर गए और उनकी मृत्यु हो गई। लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सिविल लाइन पुलिस फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई। मृतक के शरीर पर किसी प्रकार के कोई चोट नहीं मिला है। बहरहाल पीएम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

### एनएच पर खड़े ट्रेलर से 270 लीटर डीजल पार

**बिलासपुर।** एक बार फिर डीजल चोर गिरोह सक्रिय होकर गया है। गिरोह ने नेशनल हाइवे पर खड़े ट्रेलर से 270 लीटर डीजल चोरी कर लिया है। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है। कोनी पुलिस के अनुसार, सिरगिट्टी गोविंदनगर निवास विशाल सलूजा 45 साल ने रिपोर्ट लिखाई। वे आशीवार्द बिल्डकॉम में सुपरवाइजर हैं। उनकी कंपनी के ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 बीएस, 9548 के चालक विकास यादव 28 मार्च की सुबह करीब 9.30 बजे फोन कर सूचना दी रात 2 बजे ट्रेलर खराब होने पर सेंदरी रोड नेशनल हाइवे जय टाटा मोटर के सामने सड़क किनारे खड़ा कर सो गया था। रात 3.15 बजे नींद खुलने पर उसने देखा कि ट्रेलर के डीजल टैंक का ढक्कन खुला हुआ था और लॉक भी खराब मिला। जांच करने पर पता चला कि टैंक से 270 लीटर डीजल चोरी हो गया था। पुलिस ने विशाल सलूजा की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 303, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। ज्ञात हो कि लंबे समय डीजल चोर नेशनल हाइवे में सक्रिय होकर खड़े भारी वाहनों से डीजल चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे हैं। गिरोह के सदस्य चार पहिया वाहन में घूमते रहते हैं । लगातार चोरी के बाद भी पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पा रही है।

कुदुदंड के पंप हाउस में हो रहा निर्माण

शासन से मिली 1.59 करोड़ रूपए की स्वीकृति

# अब तक खुले में रहने वाले अग्निशमन वाहनों को भी मिल सकेगा 'ठिकाना'



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले का पहला फायर स्टेशन कुदुदंड के पंप हाउस में आकार ले रहा है। शासन द्वारा इसके निर्माण के लिए 1 करोड़ 59 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई है।

फायर स्टेशन बनने के बाद अब तक खुले में पड़े रहने वाले अग्निशमन वाहनों को भी छत नसीब हो सकेगी। इसी तरह स्टेशन परिसर में बनाए जाने वाले पानी के बड़े टैंकों में पानी का अधिक स्टोरेज किया जा सकेगा, जो शहर के भीतर आगजनी की घटनाओं पर जल्द नियंत्रण पाने में सहायक साबित होंगे।गर्मी के दिनों में हर साल आगजनी की घटनाओं में बड़ा नुकसान उठाने वाले बिलासपुर शहर को अब इससे कुछ निजात मिल सकेगी। शासन द्वारा शहर में फायर स्टेशन बनाने की मंजूरी प्रदान की गई है। कुदुदंड स्थित नगर निगम के पंप हाऊस में 1.59 करोड़ रूपए की लागत से फायर स्टेशन का निर्माण कराया जा रहा है। फायर स्टेशन के अंतर्गत फायर स्टेशन कार्यालय भवन, फायर वाहन पार्किंग, जल जलाशय वाशिंग रैंप, एवं सुखाने हेतु होस टॉवर का निर्माण किया जाएगा। फायर स्टेशन में बड़ा मैदान उपलब्ध होने के कारण जवानों को समय-समय पर मॉक ड्रिल करने में भी काफी सुविधा रहेगी। नगर सेना विभाग के पास वर्तमान में शहर के लिए कुल छह अग्निशमन वाहन उपलब्ध हैं, जिन्हें शेड की कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण खुले में ही रखना पड़ता है। चूंकि यह वाहन मशीनों से लैस होता है, जिससे लगातार खुले में होने का काफी नुकसान भी उठाना पड़ता है। वाहनों में न केवल खराबी आती है, बल्कि इनकी लाईफ भी कम हो जाती है। फायर स्टेशन में इनके लिए शेड का निर्माण होने से इन्हें भी सुरक्षित रखा जा सकेगा। वर्तमान में फायर स्टेशन निर्माण के अंतर्गत नीव खुदाई का कार्य किया जा रहा है। इसका निर्माण पूर्ण करने के लिए अगस्त 2026 की तिथि तय की गई है।

### शहर को मिलेगा लाभ

फायर स्टेशन बन जाने के बाद शहर को बड़ा लाभ मिल सकेगा। सबसे बड़ा लाभ तो यह होगा कि अग्निश्मन वाहनों को छत मिल सकेगी। अभी खुले में होने के कारण इनमें खराबी आने का भी भय बना रहता है। बड़ा मैदान होने के कारण जवानों को समय-समय पर मॉक ड्रिल के लिए पर्याप्त जगह मिल सकेगी। भविष्य में अग्नशमन वाहनों की संख्या में बढ़ोतरी की भी पूरी संभावना है।

**-दीपांकुर नाथ**
कमांडेंट होमगार्ड

प्रबंधन ने कई बार लिखी निगम और पुलिस को चिट्ठी

# सिम्स के सामने अवैध पार्किंग: कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति, रोजाना जाम में फंसते हैं मरीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लाख कोशिशों के बावजूद सिम्स के सामने अवैध पार्किंग को हटाने में प्रशासनिक अमला विफल हो चुका है। खानापूर्ति कार्रवाई का असर महज 29 4 दिनों तक रहता है, इसके बाद स्थित जस की तस हो जाता है।

■ **ठेले व गुमटियों का डेरा**

सिम्स में रोजाना दुर्घटना के बाद दो दर्जन से अधिक लोग एम्बुलेंस में पहुंचते हैं, लेकिन जाम की स्थिति के कारण हमेशा विलंब का सामना करना पड़ता है, ऐसे में मरीज की जान भगवान के भरोसे ही होती है। सिम्स प्रबंधन ने नगर निगम और यातायात पुलिस को कई बार चिट्टी लिखी है, लेकिन समस्या पर ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं।

सिम्स मे सामने गुमटी और ठेलों के साथ ही निजी एम्बुलेंस चालकों का कब्जा बना हुआ है। यह स्थिति दिन ब दिन बिगड़ती जा रही है। सिम्स के गार्डो से हर बार हुज्जतबाजी की जाती है, जिसके चलते प्रबंधन अब इनसे मुंह नहीं लग रहा है। दूसरी ओर प्रबंधन द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों को पत्र लिख समस्या से निजात दिलाने की मांग की गई है, लेकिन महज खानापूर्ति कार्रवाई ही की जाती है। खास बात यह है कि कुछ माह पहले कोर्ट के संज्ञान के बाद प्रशासन ने कार्रवाई कर निजी एम्बुलेंस चालकों को सिम्स के पीछे रिवर व्यू रोड पर जगह दिलाई और यहीं एम्बुलेंस रखने की हिदायत दी थी, लेकिन रोजाना सिम्स के सामने ही एम्बुलेंस खड़ी की जा रही है। इसी प्रकार ठेले और गुमटियों को भी नगर निगम ने हटाया था,कार्रवाई के बाद 3 से 4 दिनों तक स्थिति बनी रही , पर निगम की अनदेखी के चलते फिर से ठेले और गुमटियां लगाई जा रही हैं। जिससे हर आने व जाने वालों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे बड़ी मुसीबत तब होती है जब 112 वाहन और 108 एम्बुलेंस में मरीज सिम्स में इलाज कराने पहुंचते हैं, इस दौरान भीड़ से निकलना मुश्किल हो जाता है और मरीज की सांस कई बार उखड़ते दिखती है।



### यातायात पुलिस रहती है वसूली में व्यस्त

सिम्स और रिवर व्यू चौक पर नीम के पेड़ के नीचे रोजाना यातायात पुलिस का बल दिखाई देता है। इस दौरान हर दो पहिया वाहन चालक को रोक दस्तावेज की मांग करते हुए चालान की कार्रवाई की जाती है, लेकिन इन एम्बुलेंस को वहां से हटाने को लेकर यातायात पुलिस के पास कोई आदेश नहीं होता है। जाम में फंसते आम लोग पुलिस की इस व्यवस्था को देख अपनी किस्मत को कोसते दिखते है।

### बीमारी परोस रहे ठेले

जिस सिम्स में रोजाना हजारों लोग इलाज कराने आते हैं, उसके ठीक बाहर सड़क पर बीमारी परोसी जा रही है। दरअसल यहां लगने वाले ठेले और गुमटियों में गुणवत्ताहीन खाद्य सामाग्री बेची जा रही है। जिस जगह सिम्स के सीवर का ट्रीटमेंट प्लांट है, इसी से लगे गुमटियों से मरीज और परिजन खाद्य सामाग्री खरीद कर खा रहे है। ऐसे में दुषित खाने से लोगों के बीमार पड़ने की आशंका बनी रहती है।

### अधिकारियों को अवगत कराएंगे

हमने कई बार पुलिस और नगर निगम को पत्र लिखा है। व्यक्तिगत तौर पर भी मैंने अधिकारियों को कहा है, हम सिम्स के अंदर व्यवस्था संभाल सकते हैं। बाहर गार्ड जाकर हटाने की कोशिश करता है तो कई बार झगड़े हो चुके हैं। फिर से अधिकारियों को अवगत कराया जा जाएगा।

**-डॉ लखन सिंह**, अधीक्षक, सिम्स



शहर में खरीदी-बिक्री पर रोक

# दिल्ली से ट्रेन में शहर पहुंच गए ढेरों चूजे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बर्ड फ्लू को ध्यान में रखते हुए शहर में दस किलोमीटर के दायरे में मुर्गे-मुर्गियों और चूजों के विक्रय और परिवहन पर प्रतिबंध के बीच दिल्ली से ट्रेन में लाए गए चूजों ने हड़कंप मचा दिया है। बिलासपुर स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-8 में संभवतः शहर में सप्लाई के लिए ट्रेन से बड़ी संख्या में चूजे उतारे गए हैं। जानकारी के बाद हड़कंप मचा हुआ है। इस मामले में रेल्वे प्रशासन अगली कार्रवाई के लिए पशुपालन विभाग को पत्र लिख रहा है।

■ **पशुपालन विभाग को कार्रवाई के लिए भेजा जाएगा पत्र**

एक ओर जहां बर्ड फ्लू पर नियंत्रण पाने जिला प्रशासन ने पूरी ताकत झोंक दी है, वहीं दूसरी ओर रविवार को दिल्ली से बड़ी संख्या में चूजों की बिलासपुर सप्लाई ने हड़कंप मचा दिया है। प्रशासन ने शहर में दस किलोमीटर के दायरे में मुर्गे-मुर्गियों व चूजों की खरीदी-बिक्री एवं परिवहन पर 21 दिनों तक प्रतिबंध लगाया है। इसके विपरीत रेल जैसे बड़े एवं महत्वपूर्ण यात्री वाहन में बड़ी संख्या में चूजों की सप्लाई कहीं ना कहीं एक बड़ी चूक की ओर इशारा कर रही है। रविवार को बिलासपुर स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-8 में बॉक्स में ट्रेन से चूजे उतारे गए। बॉक्स के भीतर चूजे होने की जानकारी मिलते ही रेल प्रशासन भी हरकत में आ गया है।



### दिल्ली से की गई है सप्लाई

दिल्ली से चूजों की बिलासपुर सप्लाई की गई है। चूंकि यहां बर्ड फ्लू के मद्देनजर मुर्गे-मुर्गियों एवं चूजों की खरीदी-बिक्री व परिवहन पर प्रतिबंध है, जिससे इस संबंध में चूजे भेजने एवं प्राप्त करने वाले की पूरी जानकारी अगली कार्यवाही के लिए पशुपालन विभाग को दी जा रही है।

**-अनुराग कुमार सिंह,** सीनियर डीसीएम, बिलासपुर रेल मंडल

### एक महीने पहले की गई थी चूजों की बुकिंग

रायगढ़ जिले के तमनार की पार्टी के हैं। इन चूजों की खरीदी के लिए संबंधित ने एक महीने पहले बुकिंग कराई थी। बुंकिंग के आधार पर संबंधित को सप्लाई की गई है। उक्त चूजों को सुरक्षित एवं सावधानीपूर्वक तरीके से तमनार रवाना कर दिया गया है।

**-जीएस तंवर,** संयुक्त संचालक, पशुपालन विभाग

# बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शादी का कार्ड बांटकर गांव लौट रहे बाइक सवार दो लोगों को पीछे से अज्ञात वाहन के चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में एक की मौत हो गई है। वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया है।

■ **शादी का कार्ड बांटकर गांव लौट रहे थे बाइक सवार**

कोटा टीआई नरेश चौहान ने बताया, दर्रीकांपा निवासी परसराम पोर्ते पिता झूनराम 60 साल, भरत सिंह ध्रुव पिता शिव सिंह 45 साल के साथ शादी का कार्ड बांटने चोरभठ्ठी आए थे। कार्ड बांटने के बाद दोनों प्लेटिना क्रमांक सीजी10 बीई, 7701 में गांव दर्रीकांपा लौट रहे थे। दोपहर 3 बजे ग्राम नेवरा के पास पीछे से अज्ञात वाहन के चालक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी और भाग गया। चक्के की चपेट में आने से परसराम पोर्ते की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं भरत सिंह ध्रुव गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर घायल भरत सिंह को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अज्ञात वाहन की पहचान करने में लग गई है।



### एसी का कॉपर वायर चोरी करने की कोशिश

**बिलासपुर।** शनिवार की बीती रात चोरों ने सिम्स के पेइंग वार्ड में चोरी को अंजाम दिया है। चोरों ने पहले एसी के कॉपर वायर को काटने की कोशिश की है और समय लगता देख आक्सीजन पाइप ले कर रफू चक्कर हो गए। रविवार को छुट्टी होने के कारण अबतक चोरों की पहचान नहीं हो सकी है। बताया जा रहा है चोरी शनिवार की रात की गई है, जहां चोरों ने पेइंग वार्ड में लगे एसी के कॉपर वायर को काटने की कोशिश की है लेकिन कॉपर वायर में महज छेड़छाड़ ही हो सकी। इसके बाद चोरों ने मरीजों के लिए लगाए गए ऑक्सीजन पाइप लाइन को निशाना बना और उसे काटकर ले गए। रविवार को ड्यूटी में पहुंचे कर्मचारियों को इसकी भनक लगी, जिसके बाद प्रबंधन को सूचना दी गई है। सामान्य दिनों में भी यहां हलचल काफी कम होती है। सिम्स के अधीक्षक डॉ लखन सिंह ने बताया है कि सोमवार को इसकी जांच की जाएगी, दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# डाक्टर से मारपीट कर मोबाइल, नकद की लूट

**बिलासपुर।** शराब के लिए पैसा नहीं देने से घर में घुसकर डाक्टर के साथ गाली गलौज कर मारपीट करते हुए जेब से मोबाइल व नकद रकम लूट ली गई है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, क्रांति नगर निवासी डा. प्रतीक मोहंती पिता चितरंजन मोहंती ने रिपोर्ट लिखाई। वे व्यापार विहार स्थित एलाईड हास्पिटल में प्राइवेट डाक्टर हैं। वे जुनेद अहमद की कार एमजी हेक्टर को उपयोग कर रहे थे। एक माह पूर्व वाहन में स्क्रैच आ गया था। वह उनसे गाड़ी बनवाने के लिए अधिक पैसे की मांग कर रहा था। उन्होंने नुकसान होने का कोटेशन मांगा तो उसने नहीं दिया। 27 मार्च की रात 11 बजे वे शेख आजाद के साथ घर में बैठे थे। उसी समय जुनैद अहमद, जैद अहमद एवं उसके अन्य साथी उनके घर के अंदर घुसकर शराब पीने के लिए 500 रुपए की मांग करने लगे। उन्होंने 200 रुपए दिया तो इतने पैसे में क्या होगा कहकर जुनैद अहमद उनके साथ गाली गलौज करने लगा। उन्होंने उन्हे घर से बाहर निकलने कहा तो जुनैद अहमद, जैद अहमद एवं उसके साथी उनके साथ गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हुए जेब से मोबाइल व नकद रकम लूट लिया है।

पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर हमलावर जुनैद अहमद, जैद अहमद एवं उसके अन्य साथी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने गुण्डागर्दी कर घर में घुसकर डाक्टर से मारपीट कर लूटपाट करने वाले हमलावरों के खिलाफ लूट की धारा नहीं लगाई गई है। एफआईआर में मारपीट के दौरान मोबाइल व पैसा कहीं गिर गया लिखा गया है।

# रेलवे ट्रैक में मिली युवती की लाश, ट्रेन से गिरने की आशंका

**बिलासपुर।** रेलवे ट्रैक में एक युवती की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। हाथ कट गया था और शरीर में चोट के निशान थे। ट्रेन से गिरकर मौत होने की आशंका जताई जा रही है। मृतका की पहचान नहीं हो पाई है।

मस्तूरी टीआई अजहरउद्दीन ने बताया, 29 मार्च की सुबह किसान परसदा के ग्रामीण रोज की तरह निमार्णाधीन अंडरब्रिज के पास से गुजर रहे थे। लोगों ने रेलवे ट्रैक में एक युवती लाश पड़ी देखी। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। मृतका हाथ कट गया था और शरीर में चोट के निशान थे। मृतका की उम्र 20 से 25 साल लोवर टीशर्ट पहनी हुई है और उसकी पहचान नहीं हो पाई है। ट्रेन से गिरकर मृत्यु होने की आशंका जताई जा रही है। पहचान कार्रवाई के लिए जिले के थानों में सूचना दे दी गई है। पुलिस ने शव मरच्यूरी में रखवा दिया है। बहरहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा।



हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना

हरिभूमि

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# सरकारी दफ्तर को भी नहीं छोड़ रहे चोर

**बिलासपुर।** जिला लोक अभियोजन कार्यालय में एसी तोड़कर अंदर घुसे चोर मशीनिरी सामान, नकद रकम चोरी कर तीन आलमारी को तोड़कर जमकर आंतक मचाया। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, कम्पोजिट बिल्डिंग स्थित जिला अभियोजन निदेशालय के जिला अभियोजन अधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने रिपोर्ट लिखाई। 28 मार्च को सुबह 9.50 बजे चौकीदार विमल चंद भार्गव ने उन्हें फोन कर बताया, वह कार्यालय का मेन गेट का ताला खोलकर कार्यालय के अंदर गया तो देखा उपनिदेशक अभियोजन कक्ष की एक आलमारी खुली हुई थी। उनके कक्ष के एक कुर्सी में बहुत सारी चाबी रखी हुई थी। इसी कक्ष से लगे हुए कक्ष जिसमें पीसीडी चंद्रभान सिंह एवं अन्य लिपिक बैठते हैं, वहां रखी हुई आलमारी खुली हुई थी। श्री सिंह 10.20 बजे कार्यालय जाकर देखे तो कार्यालय के छत का दरवाजा टूटा हुआ था। एसी के अंदर का कीमती सामान चोरी करके ले जाया गया था। संयुक्त संचालक कक्षा में रखी हुई तीन आलमारियों का ताला तोड़ दिया गया था। कक्ष में कार्यरत सहायक गेड 3 अनुराधा शर्मा उन्हें बताया कि एक आलमारी की डिब्बे में रखा 500 रुपए गायब है। उसमें रखा हुआ पेन ड्राईव एवं डिब्बे को कक्ष के खिड़की के पास फेंक दिया गया है। पीसीडी कक्ष में रखा हुआ एडीआर बिल्डिंग के अभियोजन कक्ष के ताले की चाबी चोरी हो गई है। पुलिस ने श्री सिंह की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 305, 331, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।



■ **एसी तोड़कर अंदर का सामान ले उड़े चोर**

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 16,500/
12 ज्योतिर्लिंग
स्पेशल ट्रेन से 29 जुलाई से 08 अगस्त 2026 तक
रिजर्वेशन कोच
27 मई, 10 जून, 12 अगस्त,
02 सितम्बर, 30 सितम्बर 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापर
राशिः-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411